वर्ष : 33 ▸ अंक : 41 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 27 अप्रैल 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

**दूसरा चरण** | **13 राज्य** | **88 सीटें** | **1202 उम्मीदवार** | **15.7 करोड़ मतदाता**


# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


▸▸ त्रिपुरा-मणिपुर में 75% से ज्यादा मतदान

▸▸ पहले फेज के मतदान से भी कम वोटिंग हुई



# खत्म हुआ दूसरे चरण का रण

**अमित बृज | मुंबई**

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज में शुक्रवार 26 अप्रैल को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 77.93% वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 53% के आसपास मतदान हुआ। 2019 के आम चुनावों में इन सीटों पर 70.05% मतदान हुआ था।

### छिटपुट कई घटनाएं

वोटिंग के दौरान मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र को हाईजैक किया गया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोकी। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई।

### 2019 में क्या था हाल?

2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और NDA के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं।

## महाराष्ट्र : ईवीएम में कैद हुई 204 उम्मीदवारों की किस्मत

### लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर 53.51 फीसदी मतदान

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आठ संसदीय क्षेत्रों में शुक्रवार को 53.51 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है। सर्वाधिक मतदान वर्धा संसदीय सीट पर 56.66 फीसदी और सबसे कम मतदान हिंगोली संसदीय सीट पर 52.03 फीसदी दर्ज किया गया है। सूबे की आठ सीटों के 16,589 मतदान केंद्रों पर 1 करोड़ 49 लाख 25 हजार 912 मतदाताओं ने 204 उम्मीदवारों का भविष्य शुक्रवार शाम तक ईवीएम में कैद कर दिया है।

### सर्वाधिक मतदान वर्धा संसदीय सीट पर

राज्य चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए महाराष्ट्र की आठ सीटों पर शुक्रवार को सुबह सात बजे से शाम 5 बजे तक 53 .51 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इनमें वर्धा संसदीय सीट पर 56 .66 फीसदी, अकोला संसदीय सीट पर 52 .49 फीसदी, अमरावती संसदीय सीट पर 54 .50 फीसदी, बुलदाणा संसदीय सीट पर 52 .24, हिंगोली संसदीय सीट पर 52 .03 फीसदी, नांदेड़ संसदीय सीट पर 52 .47 फीसदी, परभणी संसदीय सीट पर 53 .79 फीसदी और यवतमाल-वाशिम संसदीय सीट पर 54 .04 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।

### ईवीएम में गड़बड़ी की कई घटनाएं

दूसरे चरण के मतदान में महाराष्ट्र में ईवीएम में गड़बड़ी की कई घटनाएं देखने को मिलीं। अमरावती, हिंगोली, नांदेड़, परभणी में ईवीएम खराबी की घटनाएं हुई। अमरावती में म्यूनिसिपल स्कूल नंबर 19 के रुक्मिणी नगर स्कूल में एक ईवीएम मशीन खराब पाई गई थी। इसके कारण आधे घंटे तक मतदान प्रक्रिया बाधित रही। ईवीएम की मरम्मत के बाद मतदान शुरू हो सका। हिंगोली लोकसभा क्षेत्र में कुल 39 मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीनें खराब होने की शिकायतें थीं, जिस पर मशीनें बदल दी गईं। नांदेड़ के टाकली में ईवीएम में खराबी के कारण करीब डेढ़ घंटे तक मतदान प्रक्रिया बाधित रहीं। परभणी शहर के महात्मा फुले कॉलेज के 172 मतदान केंद्रों पर ईवीएम सुबह से बंद थी, इनकी मरम्मत के बाद मतदान प्रक्रिया शुरू की गई। इसी तरह नांदेड़ के रामतीर्थ मतदान केंद्र पर एक युवक ने कुल्हाड़ी से ईवीएम को ही तोड़ डाला, उस युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### अनमोल विश्नोई के खिलाफ लुक आउट नोटिस

**मुंबई।** सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग प्रकरण में मुंबई क्राइम ब्रांच ने अनमोल विश्नोई के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया है। फायरिंग मामले में अनमोल विश्नोई मुख्य आरोपी है। जोकी इस वक्त कनाडा में होने की जानकारी है। बता दें कि मुंबई पुलिस की रडार पर अनमोल बिश्नोई तब आया, जब 14 अप्रैल को सलमान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना के बाद अनमोल विश्नोई ने फेसबुक पर एक पोस्ट कर इसकी जिम्मेदारी ली थी।

### कोलकाता हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**कोलकाता।** कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों को शुक्रवार को एक ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर के अलग-अलग स्थानों पर बम लगाए जाने का दावा किया गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, ईमेल प्राप्त होने के बाद हवाई अड्डे पर खोज अभियान चलाया गया। हालांकि दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर बमों के फटने की धमकी वाला ईमेल झूठा निकला। बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट के हवाई अड्डा खंड की पुलिस उपायुक्त ऐश्वर्या सागर ने बताया कि ईमेल मिलने के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएससीबीआईए) की सुरक्षा एजेंसियों ने खोज अभियान चलाया। गहन खोज अभियान चलाए जाने के बाद सुरक्षा कर्मियों ने इसे झूठी सूचना करार दिया। अधिकारियों ने बताया कि ईमेल के स्रोत और भेजने वाले का पता लगाने के लिए हवाईअड्डा अधिकारी, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और बिधाननगर पुलिस संयुक्त रूप से जांच कर रहे हैं।

### मोदी के चुनाव लड़ने पर रोक की मांग वाली याचिका पर 29 अप्रैल को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर चुनाव लड़ने से छह साल का प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 29 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी। गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक न्यायाधिकरण की अध्यक्षता करने के कारण न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने सुनवाई को अगली तारीख दे दी। कोर्ट स्टाफ ने बताया कि जस्टिस दत्ता नियमित अदालत नहीं करेंगे और कहा कि मामले की सुनवाई सोमवार 29 अप्रैल को होगी। आनंद एस. जोंधले नाम के एक वकील द्वारा दायर याचिका में 9 अप्रैल को पीलीभीत में मोदी द्वारा दिए गए भाषण का हवाला दिया गया है। आरोप है कि प्रधानमंत्री ने न केवल हिंदू और सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे थे, बल्कि विरोधी राजनीतिक दलों पर मुसलमानों का पक्ष लेने वाली टिप्पणियां कीं।

## रवि किशन को मिली राहत

### कोर्ट ने खारिज की बेटी का दावा करने वाली शिनोवा की अर्जी

**धीरज सिंह | मुंबई**

बीजेपी नेता और अभिनेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में बड़ी राहत मिली है। मुंबई की डिंडोशी कोर्ट ने शिनोवा नाम की महिला की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें महिला ने अभिनेता रवि किशन के डीएनए टेस्ट करवाने की मांग की थी। शिनोवा शुक्ला की उम्र 25 साल है। शिनोवा खुद को रवि किशन की बेटी बता रही थी। इस बात को साबित करने के लिए महिला ने अभिनेता के डीएनए टेस्ट की मांग की थी, जिसको कोर्ट ने अब खारिज कर दिया है।



### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, शिनोवा, अपर्णा ठाकुर की बेटी हैं। लेकिन शिनोवा ने यह दावा किया था कि रवि किशन ही उसके बायोलॉजिकल पिता हैं। हालांकि गुरुवार, 25 अप्रैल को कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान रवि किशन ने अपने वकील के हवाले से इस बात से साफ इंकार कर दिया था। रवि किशन ने कहा कि उनका इस महिला से किसी तरह का कोई रिश्ता नहीं है। भोजपुरी अभिनेता रवि किशन को डीएनए टेस्ट मामले में डिंडोशी कोर्ट के फैसले से राहत मिल गई है। कोर्ट ने शिनोवा नाम की महिला की अर्जी को सरासर खारिज करार दिया है, जिसमें शिनोवा ने अभिनेता रवि किशन की बेटी होने का दावा किया था।

### कोर्ट का फैसला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कोर्ट ने शिनोवा की डीएनए टेस्ट की अपील खारिज करते हुए कहा कि उसकी मां और रवि किशन का कोई पारिवारिक संबंध नहीं था, ऐसे में यह केस नहीं बनता।

### कौन हैं शिनोवा?

शिनोवा एक अभिनेत्री होने के साथ ही एक मॉडल भी हैं। शिनोवा ने कई कॉमर्शियल्स में काम किया है। साथ ही शिनोवा ने निर्देशक कुणाल कोहली की वेब सीरीज 'हिकअप्स हुकअप्स' में भी काम किया है।

### दक्षिण भारत में गहराया जल संकट

**चेन्नई।** गर्मियां शुरू होने के साथ ही दक्षिण भारत जल संकट का सामना कर रहा है और क्षेत्र में जल भंडारण जलाशयों की क्षमता का केवल 17 प्रतिशत रह गया है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के एक बुलेटिन से यह जानकारी मिली। दक्षिणी क्षेत्र में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्य आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53 ।334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8 ।865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23%) की तुलना में काफी कम है।

'फंड फॉर वोट' मामला

## अजित पवार को मिली राहत

▸▸ चुनाव आयोग ने कहा - नहीं किया कोई उल्लंघन

**एन. के. पुरोहित | पुणे**

केंद्रीय चुनाव आयोग सख्त रुख अपनाते हुए लोकसभा चुनाव 2024 करवा रहा है। इस बीच शरद पवार के गढ़ बारामती लोकसभा सीट पर तेज राजनीतिक हलचल देखने को मिल रही है। इस बीच बारामती के रिटर्निंग ऑफिसर ने एक रिपोर्ट में कहा है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार द्वारा फंड से वोट मांगने पर की गई टिप्पणी के जरिए आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के कोई सबूत नहीं हैं। शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) ने आचार संहिता और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग में अजित पवार के खिलाफ शिकायत दर्ज की थी।

### 'ईवीएम का बटन ज्यादा दबेगा तो फंड देने में अच्छा लगेगा'



दरअसल, अजित पवार ने बारामती के इंदापुर में एक चुनावी रैली में कहा था, 'जहां तक फंड का सवाल है, हम आपको जितना चाहें उतना देने में सहयोग करेंगे, लेकिन इसके लिए ईवीएम बटन की जरूरत है और उसे ज्यादा से ज्यादा दबाना होगा। अगर ईवीएम का बटन ज्यादा दबेगा तो मुझे भी फंड देने में अच्छा लगेगा, नहीं तो मुझे खुद को रोकना पड़ेगा।'

### अजित पवार के पास राज्य में वित्त विभाग

बता दें कि अजित पवार के पास राज्य में वित्त विभाग है। इस टिप्पणी की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की थी। शरद पवार वाली एनसीपी ने अजित पवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए चुनाव आयोग का रुख किया था।

### अजित पवार से जवाब मांगा : रिटर्निंग ऑफिसर

बारामती की रिटर्निंग ऑफिसर कविता द्विवेदी ने कहा कि उन्होंने शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू की और अजित पवार से जवाब मांगा। द्विवेदी ने पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्य चुनाव अधिकारी को एक रिपोर्ट सौंपी है जिसमें कहा गया है कि उन्होंने अजीत पवार के भाषण का वीडियो देखा है और आदर्श आचार संहिता का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है।

## शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार पर मुकदमा दर्ज

### बिना अनुमति पदयात्रा निकालने का आरोप

**दोपहर संवाददाता | सांगली**

महाराष्ट्र के सांगली जिले में कथित तौर पर बिना अनुमति के पदयात्रा निकालने के लिए शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के लोकसभा उम्मीदवार चंद्रहार पाटिल के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पाटिल और तीन आयोजकों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (एक लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पाटिल और उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सहायक चुनाव अधिकारी (एआरओ) से अनुमति लिये बिना 25 अप्रैल को मिराज के खटाओ और बेदाग गांवों में 'पदयात्रा' निकाली और घर-घर जाकर वोट मांगे, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।



### सात मई को होगा सांगली लोकसभा सीट पर मतदान

सांगली लोकसभा सीट पर पहलवान और दो बार महाराष्ट्र केसरी का खिताब जीत चुके पाटिल का मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा सांसद संजय काका पाटिल से है। सांगली लोकसभा सीट पर मतदान सात मई को होगा।

## 'उनकी परवरिश को दर्शाता है'

### सीएम शिंदे के बेटे श्रीकांत का आदित्य ठाकरे पर पलटवार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

लोकसभा चुनाव के बीच महाराष्ट्र में बयानबाजी का दौर जारी है। इस कड़ी में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने अपने पिता और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि यह पूर्व मंत्री की परवरिश को दर्शाता है। दरअसल, आदित्य ठाकरे सीएम शिंदे के कटु आलोचक हैं, जिनके 2022 में विद्रोह के कारण राज्य में महा विकास अघाड़ी सरकार गिर गई थी और मूल शिवसेना का विभाजन हो गया था, जिसका नेतृत्व उनके पिता उद्धव ठाकरे कर रहे थे। इसके बाद से आदित्य ठाकरे लगातार एकनाथ शिंदे के खिलाफ बयानबाजी करते नजर आ जाते हैं।

### आदित्य ने सीएम शिंदे पर की थी आपत्तिजनक टिपण्णी



आदित्य ने हाल ही में सीएम शिंदे का जिक्र करते हुए उन्हें 'बेशर्म और घृणित' व्यक्ति कहा था। इस पर अब श्रीकांत शिंदे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वह (आदित्य) इन मूल्यों के साथ बड़े हुए हैं, वह जो केवल गाली देते हैं और (विरोधियों) को बुरा-भला कहते हैं। हमें अच्छी बातें करना सिखाया गया है। जिन्हें गलत बातें करना सिखाया गया है, लोग उन्हें सिखाएंगे। महाराष्ट्र में माहौल खराब करने, अपशब्द कहने और बुरा-भला कहने और इतना नीचे गिर कर राजनीति करने का काम हताशा से उपजा है। श्रीकांत शिंदे तीसरी बार कल्याण लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।

**मौसम** ▸ महाराष्ट्र के कई जिलों में होगी झमाझम बारिश, IMD ने जारी किया अलर्ट

## कई राज्यों में लू दिखाएगी अपना असर, तो कहीं होगी बारिश

**मुनीब चौरसिया | मुंबई/नई दिल्ली**

देश के कई हिस्से भीषण लू की चपेट में है। कई जगहों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। इस बीच मौसम विभाग ने राहत भरी खबर दी है। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले दिनों में कई राज्यों में बारिश हो सकती है। जिससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में 28 अप्रैल तक चमक



और गरज के साथ बरसात होने की संभावना है। आईएमडी ने पंजाब, हरियाणा और मध्यप्रदेश में अगले 24 घंटें के दौरान बारिश की संभावना जताई है। कई जगहों पर बारिश के साथ आंधी, बिजली और तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे) चल सकती हैं। आईएमडी के मुताबिक, अगले पांच दिनों के दौरान पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में भीषण लू की स्थिति जारी रहेगी। 26 से 29 अप्रैल के दौरान पश्चिमी हिमालय क्षेत्र और 26 से 28 अप्रैल के दौरान उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों में गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, पूर्वोत्तर भारत में 28 से 30 अप्रैल को भारी बारिश संभव है।

**इन राज्यों को नहीं मिलेगी लू से राहत :** अगले तीन से चार दिनों तक कई राज्यों में लू की स्थिति बनी रहेगी। आईएमडी ने बताया कि पश्चिमी बंगाल और ओडिशा के कुछ स्थानों पर 28 अप्रैल को भीषण लू चलने की संभावना है। वहीं, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तेलंगाना, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कराईकल और आंतरिक कर्नाटक में 30 अप्रैल तक लू की स्थिति रहने की संभावना है।

## मोदी ने अमूल के खिलाफ दर्ज किया था केस : शरद पवार

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

राकां अध्यक्ष शरद पवार ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी किसान विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि दस साल पहले जब महाराष्ट्र में सूखा पड़ा था तो हमारे अनुरोध पर गुजरात की अमूल कंपनी ने जानवरों को जिंदा रखने के लिए चारा भेजा था। उस समय मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, लेकिन अमूल द्वारा महाराष्ट्र को चारा भेजे जाने से नाराज मोदी की गुजरात सरकार ने अमूल प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। पवार ने पूछा कि क्या महाराष्ट्र में सूखा पीड़ितों के जानवरों के लिए चारा भेजना अमूल कंपनी का अपराध था, पवार ने यह बात शुक्रवार को लोकसभा के लिए अपनी पार्टी उम्मीदवार धैर्यशील पाटिल के लिए आयोजित सभा में कही। इस सभा में शिवसेना शिंदे गुट के पूर्व करमाला विधायक नारायण पाटिल राष्ट्रवादी शरद पवार गुट में शामिल हो गये।

# कांग्रेस पार्टी को फिर लग सकता है झटका

## पूर्व मंत्री नसीम खान ने मल्लिकार्जुन खड़गे को लिखा पत्र

दोपहर संवाददाता । मुंबई

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले महाराष्ट्र में कांग्रेस को एक और तगड़ा झटका लग सकता है। दरअसल कांग्रेस पार्टी में मुस्लिम नेताओं की नाराजगी बढ़ने लगी है। पहले बाबा सिद्दीकी और पूर्वी सीएम एआर अंतुले के दामाद मुश्ताक अंतुले ने पार्टी छोड़ी। वहीं अब पूर्व मंत्री मोहम्मद आरिफ उर्फ नसीम खान जल्द ही बड़ा फैसला ले सकते हैं। दरअसल नसीम खान मुंबई के उत्तर मध्य सीट से लोकसभा चुनाव के लिए टिकट नहीं मिलने से नाराज हैं। इस बाबत उन्होंने कहा कि मुझे कांग्रेस पार्टी की तरफ सो दो महीने पहले बोला गया था कि तुम मुंबई की उत्तर मध्य सीट से चुनाव की तैयारी करो। मैंने टिकट नहीं मांगा था। लेकिन आखिरी मौके पर किसी और को टिकट दे दिया गया। मुझे इस बात की नाराजगी भी है और दुख भी है।





### कांग्रेस में मुसलमानों की नाराजगी

*इस बाबत नसीम खान ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र भी लिखा है। उन्होंने इस पत्र में लिखा, 'लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए स्टार चुनाव प्रचारकों की लिस्ट में शामिल करने के लिए धन्यवाद। लेकिन मैं यह सूचित करना चाहता हूं कि तीसरे, चौथे और पांचवरे चरण के लिए मैं पार्टी के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार नहीं कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि कुल 48 लोकसभा सीटों में से महाविकास अघाड़ी की तरफ से 1 मुसलमानों को भी सीट नहीं दिया गया। इससे कांग्रेस और एमवीए को वोटर्स पर असर पड़ेगा। इसका असर मौजूदा लोकसभा चुनाव में भी पड़ेगा।'*

### आलाकमान को जताऊंगा नाराजगी

उन्होंने कहा कि मैं नाराज हूं और अपनी नाराजगी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से जताऊंगा। मैं 5 बार मंत्री रहा हूं। जहां भी कांग्रेस को जरूरत रही है, दूसरे राज्यों में प्रचार करने के लिए गया हूं। मैंने पार्टी के वफादार कार्यकर्ता की तरह काम किया है। पर अब इस घटना से दुखी हूं। कांग्रेस नेतृत्व पार्टी के भलाई के लिए निर्णय क्यों नहीं ले पा रहा है। टिकट बंटवारे में मुस्लिम समाज को दरकिनार क्यों किया गया। इसके बारे में पार्टी आलाकमान को सोचना चाहिए। मुसलमानों से यह बेरुखी का फायदा ओवैसी या प्रकाश अंबेडकर जैसे नेता ले सकते हैं। इसके बारे में आलाकमान को सोचना चाहिए।

# छह महीने से फरार अफ्रीकी नागरिक गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने छह माह से फरार एक अफ्रीकी नागरिक को नवी मुंबई इलाके से गिरफ्तार किया है। एनसीबी की टीम आरोपित के माध्यम से अब अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का पता लगा रही है।

**केस डायरी:** एनसीबी, मुंबई के अतिरिक्त निदेशक अमित घावटे ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि अक्टूबर 2023 में एनसीबी को एक पार्सल के बारे में जानकारी मिली, जिसमें भारी मात्रा में उच्च मूल्य वाली ड्रग्स नीदरलैंड से मंगाई गई थीं। एनसीबी की टीम ने इसे 19 अक्टूबर, 2023 को विदेशी डाकघर, मुंबई से बरामद किया था। जब पार्सल को अनबॉक्स किया गया, तो उनमें खिलौने, क्रेयॉन, पेन आदि जैसी चीजें पाई गईं। हालांकि, करीब से जांच करने पर यह देखा गया कि पैकेजिंग असामान्य थी। जब एक तरफ को काटा गया तो फ्लैप की



परतों के बीच बहुरंगी एमडीएमए गोलियों की परतें छुपी हुई पाई गईं। जब पैकेज के अन्य फ्लैप को काटा गया तो इस पार्सल में कुल 4,970 एमडीएमए टैबलेट जब्त किए गए । इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2 करोड़ रुपये आंकी गई। इस मामले में आरोपित उस वक्त फरार हो गया था। मामले की छानबीन के बाद पता चला कि आरोपित नवी मुंबई में छिप कर रह रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट ने उसे 28 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। छानबीन में पता चला कि आरोपित अफो 2018 में भारत आया और तब से यहीं रह रहा था। आरोपित अफो फर्जी पासपोर्ट का इस्तेमाल कर रहा था और उसका वीजा भी खत्म हो चुका था।

## पांचवा चरण

### लोकसभा चुनाव के लिए पहले दिन एक भी नामांकन नहीं



दोपहर संवाददाता । मुंबई

**भिवंडी।** भिवंडी लोकसभा सीट से नामांकन के पहले दिन कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जिस जानकारी चुनाव निर्णय अधिकारी संजय जाधव ने जानकारी देते हुए कहा कि भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया जबकि कुल 25 अभ्यर्थियों के 54 आवेदन पत्र दिए गए है। लेकिन एक भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

### 54 आवेदन दिए गए

| | |
|---|---|
| भाजपा | 03 |
| भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस | 07 |
| धनवान भारत पार्टी | 01 |
| सायुंकत भारत पक्ष | 01 |
| न्यू.राष्ट्रीय समाज पार्टी | 04 |
| Ncp(शरद पवार गट) | 05 |
| पिप्लस पार्टी ऑफ इंडिया | 03 |
| राष्ट्रीय किसान पार्टी. | 01 |
| बहुजन समाजवादी पार्टी | 01 |
| लोकराज्य पार्टी | 02 |
| अपक्ष | 26 |

# नशे में धुत ऑटो चालक ने पैदल और दोपहिया वाहनों को मारी टक्कर

## दो की मौक पर हुई मौत

दोपहर संवाददाता । पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले में नशे में धुत टेंपो चालक ने दोपहिया वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और अन्य छह घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जाती है। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना बुधवार की रात वाडा इलाके में हुई। टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि टेंपो चालक ने सबसे पहले, पैदल चल रहे 36 वर्षीय अशोक कलिंगदा और 35 वर्षीय अजिंक्य बेरडे को कुचला। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।



### गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

इसके बाद नशे में धुत चालक ने कुछ दोपहिया वाहनों को भी टक्कर मार दी, जिससे छह लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्तियों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। वाडा पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि टेंपो चालक पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या का और मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले की एक अदालत ने रुपयों के लिए एक केबल ऑपरेटर की हत्या के दस साल से अधिक पुराने मामले में दो महिलाओं सहित चार लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (कल्याण) आर.जी वाघमारे ने चार में से तीन दोषियों पर 25-25 हजार रुपये और एक पर 30,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।




### क्या था मामला ?

अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय गोसावी ने मुकदमे के दौरान अदालत को बताया कि राजा उर्फ भगवान ओचानी नाम के एक केबल ऑपरेटर ने दो महिलाओं को 10 लाख रुपये उधार दिए थे और वह अपने पैसे वापस मांग रहा था। दोनों महिलाओं ने 2013 में रुपयों के मामले पर बातचीत करने के बहाने ओचानी को अपने यहां बुलाया और भाड़े पर रखे गए दो लोगों से उसकी हत्या करवा दी। बाद में उन्होंने ओचानी के परिवार से यह कहते हुए एक करोड़ रुपये की मांग की कि वह उनके कब्जे में है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने चारों के खिलाफ आरोपों को साबित कर दिया और उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराया। इसने चारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों की पहचान आकाश हरीश मेंडोन (33), बबीता जग्गूसिंग लभाना (48), प्रिया विजयकुमार ऐलानी (52) और राजेश राजेंद्रन थरूर (38) के रूप में हुई। अदालत ने निर्देश दिया कि जुर्माने की राशि में से 90,000 रुपये ओचानी की विधवा को दिए जाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन दुकानों में आग लगी, कोई हताहत नहीं



दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे जिले में शुक्रवार को सुबह आग लगने से तीन दुकानें जलकर खाक हो गईं और घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक स्थानीय अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग मुंब्रा के शिल-फाटा इलाके की एक दुकान में सुबह करीब आठ बजे लगी और दो अन्य प्रतिष्ठानों में फैल गई। स्थानीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि स्थानीय अग्निशामकों और आपदा प्रबंधन कर्मियों को बचाव कार्य में लगाया गया और एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन तीन दुकानें खाक हो गईं। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### चिकन दुकान से कैश चुराकर फरार हुआ नौकर, तलाश जारी

**भिवंडी।** भिवंडी शहर के तीनबत्ती इलाके में एक चिकन की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी ने दुकान के गल्ले से 1 लाख 9 हजार रुपया कैश चुराकर फरार हो गया। इस मामले में निजामपुर पुलिस ने फरार चोर की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि तीन बत्ती मार्केट में असरार हाजी अहमद मोमीन के यासीन चिकन सेंटर नामक दुकान है। 23 अप्रैल की शाम 4.30 बजे दुकान में काम करने वाले गयासुद्दीन ने दुकान के गल्ले से 1 लाख 9 हजार 500 रुपए कैश की चोरी कर फरार हो गया, जिसकी जानकारी होने के बाद दुकान मालिक ने अपने नौकर पर निजामपुर पुलिस स्टेशन में चोरी का केस दर्ज कराया है। आरोपी की तलाश में पुलिस सरगर्मी से जुट गई है।

### कल्याण लोकसभा 2 नामांकन हुए

**कल्याण।** महाराष्ट्र में ठाणे जिले में तीन लोकसभा क्षेत्र हैं। इस पांचवे चरण के लिए 20 मई को होने जा रहे मतदान के लिए आज लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए 24-कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन पत्र दाखिल करने के पहले दिन दोपहर 03.00 बजे तक कुल 2 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। चुनाव निर्वाचन अधिकारी सुषमा सातपुते ने बताया कि दाखिल किए गए नामांकन पत्रों में 1) सुशीला काशीनाथ कांबले, बहुजन समाज पार्टी (अंबेडकर) और 2) अमित उपाध्याय, राइट टू रिकॉल पार्टी (राइट टू रिकॉल पार्टी) ने दोपहर 03.00 बजे तक 1-1 नामांकन पत्र दाखिल किये है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**वाडा।** नशे में धुत एक टेंपो चालक ने दोपहिया वाहनों और पैदल चल रहे यात्रियों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और अन्य छह घायल हो गए। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जाती है। यह दुर्घटना वाडा इलाके में हुई। टेंपो चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि टेंपो चालक ने सबसे पहले, पैदल चल रहे 36 वर्षीय अशोक कलिंगदा और 35 वर्षीय अजिंक्य बेरडे को कुचला।

# साढ़े आठ सौ से ज्यादा वाहनों की चुनावों में मांग

दोपहर संवाददाता । पालघर

पालघर लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। पालघर निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव कार्य के लिए 850 से अधिक वाहनों की मांग की गई है। परिवहन विभाग द्वारा मांगे गए वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध कराया जाएगा।पालघर लोकसभा क्षेत्र में 20 मई को मतदान प्रक्रिया होगी। चुनाव के सरकारी कार्य के लिए बड़ी संख्या में वाहनों की आवश्यकता होती है।पालघर जिले में 282 जोन के 2 हजार 263 मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया आयोजित की



जाएगी। मतदान प्रक्रिया के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों, ईवीएम मशीनों को मतदान केन्द्र तक ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जायेगी। उनके लिए साढ़े आठ सौ से ज्यादा गाड़ियां तैयार रखी जाएंगी।इसमें बसें,मिनी बसें,जीप और अन्य वाहन शामिल हैं।इसमें 389 बसें, 118 जीप, 282 चार पहिया वाहन और 4 नाव जैसे कुल 671 वाहन शामिल हैं। साथ ही 36 बसें, 28 बसें और 4 नावें रिजर्व में रखी गई हैं।परिवहन विभाग ने बताया है कि वसई के उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में कुल 861 ऐसे वाहनों का अनुरोध किया गया है।परिवहन विभाग के सड़क योग्यता प्रमाण पत्र, वाहन आरसी बुक, वाहन बीमा, वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, वाणिज्यिक वाहन होने पर वैध लाइसेंस, चालक का लाइसेंस, पीयूसी जैसे सभी पहलुओं की जांच के बाद वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।यह जानकारी परिवहन विभाग के अधिकारियों ने दी है।

# 12700 वर्ग फुट में अनधिकृत निर्माण ध्वस्त

दोपहर संवाददाता । वसई

वसई विरार शहर महानगरपालिका की वार्ड समिति "जी" के तहत पिछले कुछ दिनों से अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ बड़ी संख्या में कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में 25 अप्रैल को आयुक्त अनिल कुमार पवार और अतिरिक्त आयुक्त (दक्षिण) संजय हेरवाडे के आदेश पर और उपायुक्त (सर्कल -1) अजीत मुठे (अतिक्रमण प्रभाग) के मार्गदर्शन में, वार्ड समिति "जी" में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ जोरदार तोड़क कार्रवाई की गई।

26 अप्रैल (शुक्रवार) को मनपा पीआरओ गणेश पाटील ने बताया कि,वार्ड समिति "जी" वालीव के अंतर्गत 1) लक्ष्मी इंडस्ट्री के पीछे लगभग 5000 वर्ग फुट के अनधिकृत निर्माण को तोड़ा गया।(2). कामन खिंडीपाड़ा में लगभग 6500 वर्ग फुट अनधिकृत निर्माण को निष्कासित किया गया। (3).राजावली तालाब पर 4 रूम लगभग 1200 वर्ग फुट ईंट निर्माण तोड़े गए।



### एक सप्ताह में कुल 51 से 52 हजार वर्ग फुट अवैध निर्माण ध्वस्त

*पाटील ने कहा कि उक्त अभियान में कुल 12700 वर्ग फुट अनाधिकृत निर्माण ध्वस्त किये गये एवं अतिक्रमण हटाया गया। एक सप्ताह में कुल 51 से 52 हजार वर्ग फुट अवैध निर्माण को ध्वस्त कर जमींदोज किया जा चुका है। मनपा उपायुक्त अजित मुठे की माने तो उपरोक्त तोड़ू अभियान जारी रहेगा।*

# गोवंश की चोरी और मांस बेचने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- इस्कार्पियो सहित 5 लाख 67 हजार का मांस बरामद
- प्रतिबंध के बावजूद भिवंडी में बिक रही है बीफ

दोपहर संवाददाता । भिवंडी

गोवंश के जानवरों की चोरी कर उनका कत्ल करने के बाद उनके मांस की बिक्री करने वाले एक गिरोह के दो विफ सप्लायरों को शांतिनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक साथी फरार हो गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक स्कार्पियो व जिंदा गोवंश व गोवंश के मांस सहित 5 लाख 67 हजार का सामान बरामद किया है।इस घटना के बाद भिवंडी में प्रतिबंध के बावजूद गोवंश के मांस के विक्री का पर्दाफांस हो गया है।जो चर्चा का विषय बना हुआ है।



**दूसरे शहरों में भी सप्लाई:** पुलिस के अनुसार शांतिनगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि भिवंडी के खान कंपाउंड इलाके में स्थित कुछ लोग आपस में मिलकर पहले गोवंश के जानवरों की चोरी कर उसका हत्या करने के बाद उनके मांस गफ्फु विफ नामक दुकान में बेचने के लिए रखने वाले लोग सक्रिय है।इस सूचना के बाद पुलिस उक्त दुकान पर 25 अप्रैल को दोपहर में 2.20 बजे छापामार कर गैबीनगर निवासी सफरअली मोहमंद शेख उर्फ गफ्फु (36) व कोनगांव निवासी साकीब सईद मनियार (23) को हिरासत में लिया है, जबकि इनका एक साथ फरार होने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास व दुकान से एम.एच 06 ए एम 4950 नंबर की स्कॉर्पिओ गाडी, गोवंश जानवर व उनके मांस, लोखंडी हुक, छुरा व एक छोटा चाकू सहित 5 लाख 67 हजार 400 रुपए कीमत का माल जब्त किया है। शांतिनगर पुलिस ने पुलिस नाईक किरण तानाजी मोहिते की शिकायत पर तीनों आरोपियों पर आईपीसी की धारा 379,429,34 सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी जानवरों की चोरी व उनकी हत्या कर बीफ को स्कार्पियो द्वारा दूसरे शहरों में भी सप्लाई करते थे।

# बहुजन विकास आघाड़ी से विधायक राजेश पाटील ने किया नामांकन

**पालघर।** लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में आने वाली 20 मई को पालघर में मतदान होना है। जिसके लिए शुक्रवार 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। पालघर की बोईसर विधानसभा सीट से विधायक राजेश पाटील ने पहले दिन जिलाधिकारी कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया है। मनीषा निमकर प्रभाकर पाटील उमेश नाईक नितीन भोईर आदि उपस्थित रहे। राजेश पाटील को बीबीए ने चुनावी मैदान में उतारा है। राजेश पाटील के मैदान में उतरने के बाद यहां की लड़ाई दिलचस्प हो गई है।

### हत्या और सामूहिक दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**नालासोपारा।** हत्या,सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट के तीन अलग-अलग अपराधों में फरार आरोपी को मध्यवर्ती अपराध जांच शाखा ने 13 साल बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि,22 नवंबर 2012 को नालासोपारा के धानिवबाग इलाके में आरोपी ने चोर समझकर एक व्यक्ति की पीटकर हत्या कर दी थी। वालीव पुलिस हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। इसी तरह 10 सितंबर 2015 को एक 20 वर्षीय लड़की को रिक्शे में घाटकोपर ले जाकर रिक्शा चालक और उसके साथियों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। इस संबंध में निर्मल नगर पुलिस स्टेशन 376 (डी), 366, 341, 506, 506(2), 34 के तहत केस दर्ज किया गया था। इसी तरह किरायेदार से मारपीट के मामले सहित तीनों मामले में फरार अकरम रियासत अली खान जो कि 13 वर्षो से फरार था को अपराध शाखा ने गिरफ्तार कर लिया।

**दोपहर एंकर** > राज्य की 25 प्रतिशत सीटों पर चुनाव हुआ खत्म

# विदर्भ में महाविकास आघाड़ी के हौसले बुलंद

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शुक्रवार को लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण समाप्त हो गया है। इन दो चरणों में महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 13 सीटों पर मतदान हो चुका है। इनमें विदर्भ की 10 और मराठवाड़ा की 3 लोकसभा सीटों पर दिग्गजों की साख दांव पर लगी है। पहले चरण में 5 और दूसरे चरण में 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव के बाद अब एमवीए और महायुति की तरफ से अलग अलग दावे किए जा रहे हैं। पहले चरण में कम मतदान से घबराई बीजेपी ने दूसरे चरण के मतदान से कुछ राहत जरूर महसूस की है। दूसरी तरफ एमवीए के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। विदर्भ की सीटों पर महाविकास आघाड़ी ने जहां चेहरों पर दांव लगाया वहीं महायुती ने ज्यादातर पुराने चेहरों पर भरोसा किया है।



**दोनों सेना के बीच मुकाबला:** बुलढाणा, यवतमाल-वाशिम और हिंगोली सीट पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला है। बुलढाना में शिंदे गुट के प्रतापराव जाधव के खिलाफ यूबीटी के नरेंद्र खेडेकर, हिंगोली में शिंदे गुट के बाबुराव कोहलिकर के सामने यूबीटी के नागेश आष्टिकर और यवतमाल-वाशिम में शिवसेना ने मौजूदा सांसद भावना गवली को हटाकर राजश्री पाटिल को मैदान में उतारा। पाटिल का मुकाबला ठाकरे की यूबीटी के संजय देशमुख से हुआ है। हिंगोली में राजश्री पाटिल के पति और मौजूदा सांसद हेमंत पाटिल की जगह शिवसेना ने बाबूराव कोहलिकर को टिकट दिया। परभणी में एनडीए समर्थित राष्ट्रीय समाज पक्ष के महादेव जानकर, शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय जाधव के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। वर्धा सीट को छोड़कर बाकि सीटों पर बीजेपी का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवारों से है। वर्धा में कांग्रेस के पूर्व विधायक अमर काले एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के चुनाव चिन्ह पर लडे हैं। बीजेपी सांसद रामदास तड़स से उनका सीधा मुकाबला है।

### कांग्रेस को नए चेहरों से उम्मीद

विदर्भ की 10 सीटों में से 7 सीटों पर कांग्रेस, 2 पर यूबीटी और 1 सीट पर एनसीपी शरद पवार गुट ने अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा। विदर्भ से कांग्रेस को काफी आशाएं हैं। इसे देखते हुए कांग्रेस ने ज्यादातर नए चेहरे दिए हैं। पुराने चेहरों से उकता गए लोगों को नए उम्मीदवारों से उम्मीद है। चर्चा है कि बीजेपी की हाई प्रोफाइल सीट नागपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी को कांग्रेस ने कड़ी टक्कर दी है। इसी तरह अमरावती में बीजेपी की नवनीत राणा के खिलाफ कांग्रेस के बलवंत वानखेड़े, अकोला में बीजेपी के अनूप धोत्रे के खिलाफ डॉ अभय पाटिल हैं। अकोला से ही वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के प्रमुख प्रकाश अंबेडकर के होने से मुकाबला त्रिकोणीय जरुर हो गया।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

न्यूज़ ब्रीफ

## विवादित बयान देने वाले राहुल गांधी को मतदाता सिखायेंगे सबक: भाजपा



**मुंबई।** महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता केशव उपाध्ये ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में विवादित बयान देने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश की जनता सबक सिखाएगी। राहुल गांधी सिर्फ नरेन्द्र मोदी का नहीं बल्कि संवैधानिक पद का भी अपमान किया है। महाराष्ट्र भाजपा प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता उपाध्ये शुक्रवार को यहां मुंबई में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उपाध्ये ने कहा कि राहुल गांधी ने सोलापुर की सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अपमान किया है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में मोदी और भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को भारी समर्थन मिल रहा है और 400 से ज्यादा सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत पक्की हो है और कांग्रेस और इंडी गठबंधन को हार मिल रही है। उपाध्ये ने कहा कि राहुल गांधी के भाषणों में पहले भी परिपक्वता और अध्ययन का अभाव रहा है। अब उनके पास न कोई मुद्दा है, न उम्मीदवार और न ही चुनाव लड़ने की कोई उम्मीद। जब भी कांग्रेस कार्यकर्ता गाली देते हैं तो प्रधानमंत्री और अधिक मजबूती से देश की सेवा करने के लिए तैयार होते हैं।

अनमोल विचार — चरित्र निर्माण के लिए शिक्षा के पास अपनी वस्तु है : हरबर्ट स्पेन्सर

# 'वर्षा गायकवाड़ को भेजेंगे दिल्ली'



## उद्धव ठाकरे ने लिया प्रण

दोपहर संवाददाता । मुंबई

पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने प्रण लिया है कि वे उत्तर मध्य लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार वर्षा गायकवाड को जीताने के बाद दिल्ली भेजेंगे। उत्तर मध्य मुंबई से टिकट मिलने के बाद मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा ने शुक्रवार को मातोश्री जाकर उद्धव से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक इस सीट से वर्षा को टिकट दिए जाने के लिए खुद उद्धव ने कांग्रेस हाईकमान से सिफारिश की थी। ख़ास बात इस लोकसभा क्षेत्र में बांद्रा स्थित मातोश्री का भी इलाका आता है, जहां उद्धव का निवास है। इस सीट से महायुति की तरफ से बीजेपी ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। वर्तमान में बीजेपी की तरफ से पूनम महाजन मौजूदा सांसद हैं।

### 2004 की जीत को दोहराएंगे

उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा से उम्मीदवार व कांग्रेस नेता वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा क्षेत्र मेरे लिए नया नहीं है, मैं यहां कुछ महीनों से रह रही हूं। उन्होंने दावा किया कि मुंबई की सभी 6 लोकसभा सीटों पर आघाडी के उम्मीदवारों की जीत होगी और साल 2004 की तरह हम उत्तर मध्य सीट पर फिर से जीत हासिल करेंगे।

### संविधान बचाने की लड़ाई

उद्धव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि लोकसभा का यह चुनाव देश में तानाशाही रोकने और संविधान बचाने की है। उन्होंने कहा कि इसके लिए महाराष्ट्र में महाविकास आघाडी और राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन मिल कर एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं जीतेंगे।



### 'वर्षा के लिए करूंगा वोट'

पूर्व सीएम ने कहा कि वर्षा गायकवाड जिस सीट से चुनाव लड़ रही हैं। वह मेरा गृह निर्वाचन क्षेत्र है। ऐसे में मैं भी वर्षा के पक्ष में मतदान करूंगा। उत्तर मुंबई से अपनी पार्टी की तरफ से विनोद घोसालकर के चुनाव लडने के सम्बन्ध में उद्धव ने अपना पत्ता न खोलते हुए कहा कि इस निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार का जल्द ही पता चल जाएगा, यह पहली बार होगा जब उद्धव अपने परिवार के साथ कांग्रेस के लिए मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही वह पहली बार पंजे पर वोट दे रहे हैं, लेकिन उस पंजे में मशाल (उद्धव ठाकरे की पार्टी का चुनाव चिन्ह) है। साथ ही हाथ और मशाल एकजुट होकर तुरही (राकां शरद पवार गुट का चुनाव चिन्ह ) बजाने जा रहे हैं। इसलिए महाराष्ट्र में माविआ की जीत निश्चित है।

सलमान खान घर फायरिंग मामला

# दो आरोपियों को कोर्ट ने पुलिस हिरासत में भेजा



दोपहर संवाददाता । मुंबई

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में मुंबई की एक अदालत ने पंजाब से गिरफ्तार दो आरोपियों को 30 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इन आरोपियों ने शूटर्स को हथियार और कारतूस उपलब्ध कराए थे।

### पुलिस ने कोर्ट को बताया गिरफ्तारी का कारण

दोनों आरोपियों के नाम सुभाष चंदर (37) और अनुज थापन (32) है, जिन्हें आज मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया। क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को दोनों को पंजाब से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने अदालत को सूचित किया कि दोनों अपराधियों का केस से बड़ा नाता है और इसी आधार पर दोनों को गिरफ्तार किया गया।

### पूछताछ में अहम खुलासे होंगे

पुलिस ने कहा कि यह पता लगाने के लिए उनसे पूछताछ करने की जरूरत है कि उन्हें हथियार किसने मुहैया कराए और उन्हें पहले गिरफ्तार किए गए दो शूटरों को हथियार देने के लिए किसने कहा। पुलिस ने आरोप लगाया है कि चंदर और थापन 15 मार्च को शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को दो देशी पिस्तौल और 38 जिंदा राउंड सौंपने के लिए पनवेल (मुंबई के पास रायगढ़ जिले में) आए थे।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई भी है आरोपी

पुलिस ने इन चारों आरोपियों के अलावा जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके छोटे भाई अनमोल बिश्नोई को मामले में वांछित आरोपी घोषित किया है। अभियुक्तों की ओर से पेश होते हुए, वकील अजय दुबे ने कहा कि चंदर और थापन ने अन्य अभियुक्तों को हथियार उपलब्ध नहीं कराए थे या पनवेल का दौरा नहीं किया था और उनका बिश्नोई गिरोह से कोई संबंध नहीं था। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ सभी आरोप निराधार हैं और उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया है।

### ये है मामला

बता दें कि गुप्ता और पाल ने मोटरसाइकिल पर मौके से भागने से पहले 14 अप्रैल की सुबह बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में 58 वर्षीय खान के घर के बाहर कथित तौर पर गोलीबारी की। उन्हें 16 अप्रैल को गुजरात के कच्छ जिले के माता नो मध गांव से पकड़ा गया था। बाद में अपराध शाखा की टीम ने गोलीबारी में कथित तौर पर इस्तेमाल किए गए हथियारों की बरामदगी के लिए एक तलाशी अभियान के दौरान गुजरात में तापी नदी से दो पिस्तौल, मैगजीन और गोलियां बरामद कीं।

# महाराष्ट्र में मविआ का नहीं खुलेगा खाताः डॉ. दिनेश शर्मा

दोपहर संवाददाता । मुंबई

बीजेपी महाराष्ट्र चुनाव प्रभारी, यूपी के पूर्व उप मुख्यमंत्री सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस विरासत टैक्स को लागू कर देश की आम जनता की गाढ़ी कमाई का हिस्सा दूसरे लोगों को देना चाहती है। कांग्रेस पर नक्सलवाद का भूत सवार हो गया है। मुंबई के विलेपार्ले स्थित बीजेपी उत्तर मध्य कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर नक्सलवाद का भूत सवार है।



### 'आघाडी का नहीं खुलेगा खाता'

महाराष्ट्र में विपक्ष आघाड़ी का खाता भी नहीं खुल पायेगा और महायुति महाराष्ट्र के सभी 48 सीटों को भारी वोटों से जीतेगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि मुंबई की सभी 6 सीटों पर बीजेपी सिक्सर मारेगी। कुछ जगहों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा बाकी है जिसे जल्द ही घोषित किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक पराग अलवणी ,भाजपा मुंबई महासचिव संजय उपाध्याय, भाजपा मुंबई उपाध्यक्ष अमरजीत मिश्र, भाजपा उत्तर मध्य मुंबई जिला अध्यक्ष सुषम सावंत आदि उपस्थित रहे।

### 'महाआघाडी अब महाबिगाड़ी बन चुकी है'

इस दौरान उन्होंने उद्धव ठाकरे पर भी निशान साधा, कहा कि उद्धव ठाकरे जब अपने पिता बाल ठाकरे की विरासत में भाई का अधिकार नहीं दे रहे हैं, तो क्या उद्धव ठाकरे कांग्रेस के विचारों से सहमत हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि बीजेपी के संकल्प पत्र में हर तबके के कल्याण की बातें रखी गई है। मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में देश ने जो तरक्की की है उसकी चर्चा विदेशों में हो रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में महाआघाडी अब महाबिगाड़ी बन चुकी है, उनमें आपसी कलह लगातार बढ़ती जा रही है।

# उद्धव ठाकरे को झटका

## शिवसेना UBT को हटाने होंगे कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' और 'हिंदू' जैसे शब्द !

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) के कैंपेन सॉन्ग को लेकर विवाद जारी है। पार्टी को अपने कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' और 'हिंदू' शब्द हटाने होंगे। कारण, यह निर्धारित चुनाव आयोग के दिशानिर्देशों के तहत फिट नहीं बैठते हैं और आयोग ने इन पर आपत्ति जताते हुए इन शब्दों को हटाने को कहा है। इसके बाद पार्टी को ये सॉन्ग फिर से प्री-सर्टिफिकेशन के लिए आयोग को भेजना होगा। चुनाव आयोग द्वारा आपत्ति जताए जाने के बाद पार्टी ने समीक्षा और निर्णय लेने की मांग की थी, लेकिन आयोग ने इस पर स्पष्ट कर दिया है कि शब्दों को हटाए बिना प्री-सर्टिफिकेशन नहीं हो सकेगा।




दरअसल, इस हफ्ते की शुरुआत में, शिवसेना यूबीटी नेता आदित्य ठाकरे ने ट्वीट करते हुए मुद्दा उठाया था कि भारत के चुनाव आयोग ने उनकी पार्टी द्वारा बनाए गए एक सॉन्ग पर आपत्ति जताई है और की गई आपत्तियां धार्मिक परीक्षण के उपयोग के संबंध में है। आजतक ने यह समझने के लिए चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की और यह जानने की कोशिश की कि आखिर ये पूरा मामला क्या है और आयोग की तरफ से इस गाने पर आपत्तियां क्यों उठाई गईं।

### अब तक 135 प्री-सर्टिफिकेशन पत्र जारी

महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के एक सूत्र ने बताया, 'ऑडियो विजुअल विज्ञापनों पर लगभग 135 प्री-सर्टिफिकेशन प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। विभिन्न पक्षों के 39 आवेदनों पर आपत्ति जताई गई है और उन्हें वापस भेज दिया गया है। जिन 39 आवेदनों पर आपत्तियां थीं, उनमें से 15 ने बदलावों के साथ दोबारा सबमिट कर दिया है और उन 15 पत्रों को फिर से प्रमाणित करके जारी किया गया है और उन्होंने बदलाव किए हैं, बाकी अभी तक दोबारा सबमिट नहीं किए गए हैं। इसके बजाय उन्होंने समीक्षा भेज दी है।

### EVM-VVPAT को लेकर क्या बोला सुप्रीम कोर्ट?



बता दें कि 24 अगस्त, 2023 को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र के माध्यम से जारी दिशानिर्देशों के मुताबिक, चुनाव उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले ऑडियो विजुअल और सॉन्ग को चुनाव आयोग के तहत एमसीएमसी (मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति) से प्री-सर्टिफिकेशन की आवश्यकता होती है और इसके लिए कुछ मापदंडों का उल्लेख किया गया है। जिसका पालन सभी पक्षों को करना होगा। यानी प्री-सर्टिफिकेशन के बिना कोई पार्टी चुनाव में किसी भी ऑडियो विजुअल विज्ञापन का इस्तेमाल नहीं कर सकती। मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति के लिए 24 अगस्त 2023 के ईसीआई पत्र के क्रम संख्या 2 I5 में नियमों का उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि राजनीतिक विज्ञापनों को प्रमाणित करते समय आदर्श आचार संहिता के तहत राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए उल्लिखित मापदंडों को ध्यान में रखना होगा।

### इसमें ये शर्तें रखी गई हैं

- पोस्टर, वीडियो, ग्राफिक्स, संगीत आदि या चुनाव प्रचार में मंदिर/मस्जिद/चर्च/गुरुद्वारा या किसी पूजा स्थल या धार्मिक पाठ/प्रतीकों/या नारे का उपयोग नहीं कर सकते।
- रक्षा कर्मियों की तस्वीरें और रक्षा कर्मियों से जुड़े समारोहों की तस्वीरें इस्तेमाल नहीं कर सकते।
- अन्य दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की सार्वजनिक गतिविधियों से जुड़े निजी जीवन के किसी भी पहलू की आलोचना नहीं की जाएगी।
- असत्यापित आरोपों या विकृतियों के आधार पर अन्य पार्टियों या उनके कार्यकर्ताओं की कोई आलोचना नहीं।

# लापता हुए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सोढ़ी




**मुंबई।** टीवी के पॉपुलर सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के पुराने रोशन सिंह सोढ़ी को लेकर शॉकिंग खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि सोढ़ी उर्फ गुरचरण सिंह लापता हैं। एक्टर के पिता हरगीत सिंह ने इंडिया टुडे संग बातचीत में यह कन्फर्म किया है। उनका कहना है कि 22 अप्रैल से गुरचरण सिंह लापता हैं। पुलिस में उन्होंने कम्प्लेंट दर्ज कराई है। पुलिस को उन्होंने सारे डॉक्यूमेंट्स दे दिए हैं, जिससे उन्हें गुरचरण को ढूंढने में मदद मिल सके। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वो जल्द से जल्द गुरचरण को ढूंढ लेगी। हरगीत सिंह ने कहा- एसएचओ ने मुझे कॉल की थी और उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि वो गुरचरण को जल्दी ही ढूंढ लेंगे। उम्मीद करता हूं कि गुरचरण ठीक होगा और वो खुश होगा। जहां भी वो इस समय है, बस रब उसकी खैर करें। रिपोर्ट्स की मानें तो गुरचरण की मां पिछले काफी समय से बीमार चल रही हैं। वो अस्पताल में भी भर्ती थीं। पिता ने बताया कि अब वो ठीक हैं और घर पर हैं। आराम कर रही हैं। परिवार इस समय गुरचरण को लेकर चिंता में है। पर सभी लोग पॉजिटिव एटीट्यूड लेकर चल रहे हैं। सभी को कानून और भगवान में पूरा भरोसा है। दिल्ली के पालम पुलिस स्टेशन में गुरचरण सिंह के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। 25 अप्रैल को ये कम्प्लेंट दर्ज हुई है।

मुंबईकरों के लिए अच्छी खबर

# मुंबई से कोकण रूट पर चलेंगी 36 समर स्पेशल एसी एक्सप्रेस

दोपहर संवाददाता । मुंबई

कोंकण और सेंट्रल रेलवे ने मुंबई से कोंकण रूट पर 36 विशेष वातानुकूलित एक्सप्रेस ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। इससे कोंकणवासियों को गर्मी की छुट्टियों में ट्रेन की यात्रा सुखद हो जाएगी। ट्रेन में 15 तृतीय वातानुकूलित कोच और 2 जनरेटर कार सहित कुल 17 कोच होंगे। इसके साथ ही मुंबई और दानापुर के बीच दो स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जाएंगी।



### कब से होगी शुरू?

ट्रेन संख्या 01017 एसी स्पेशल ट्रेन 26 अप्रैल से 2 जून तक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से रात 10 .15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 9 .50 बजे थिविम पहुंचेगी। (18 राउंड)

### वापसी की यात्रा?

ट्रेन संख्या 01018 27 अप्रैल से 5 जून तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शनिवार को शाम 4 .35 बजे थिवी से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 03 .45 बजे एलटीटी पहुंचेगी। (18 राउंड)

### ऐसे हैं पड़ाव

ठाणे, पनवेल, रोहा, माणगांव, वीर, खेड़, चिपलून, सावर्डा, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, आडवली, विलवडे, राजापुर, वैभववाड़ी रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल और सावंतवाड़ी रोड

### एलटीटी से दानापुर स्पेशल

ट्रेन संख्या 01011/2 एलटीटी-दानापुर स्पेशल एक्सप्रेस शुक्रवार को सुबह 10 .30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 7 बजे दानापुर पहुंचेगी। इस ट्रेन के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए सेंट्रल रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**वृक्ष प्राधिकरण**

**- सार्वजनिक सूचना-**

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्षों का संरक्षण एवं परिरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 संशोधित) की धारा 8 (3) (क) के अंतर्गत प्रावधान के अनुपालन में परिमंडल-5 के अंदर एल विभाग से 01 प्रस्ताव, एम/पश्चिम विभाग से 01 प्रस्ताव साथ ही परिमंडल-6 के अंदर एन विभाग से 01 प्रस्ताव, एस विभाग से 02 प्रस्ताव और टी विभाग से 03 प्रस्ताव यानी कुल **8 प्रस्ताव** वृक्षों को हटाने के लिए मनपा आयुक्त/अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी)/ की मंजूरी के लिए प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त प्रस्तावों के अंतर्गत पेड़ों की कटाई/पुर्नरोपित करने के बारे में विस्तृत जानकारी मनपा के www.mcgm.gov.in वेबसाइट पर बृहन्मुंबई महानगरपालिका के बारे में विभाग और वार्ड की नियमावली संबंधित सूचना पुस्तिका-गार्डन और वृक्ष प्राधिकरण-दस्तावेज -683- सार्वजनिक सूचना 7 दिन-वेबसाइट पर उपलब्ध है।

उपरोक्त प्रस्ताव के संबंध में नागरिकों की कुछ आपत्तियां व सुझाव आने पर इस विज्ञापन के छपने से 7 दिन के अंदर लिखित स्वरूप में निर्धारित प्रारूप में उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में पेश किया जाए।

उसी तरह आप अपनी आपत्तियां/सुझाव निर्धारित प्रारूप में dysg.ta@mcgm.gov.in ईमेल आईडी पर जमा कर सकते हैं। निर्धारित समय पर पेश की गई आपत्तियों/सुझाव पर विचार किया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त सुझाव और आपत्तियों के संबंध में सुनवाई 06/05/2024 के दिन उद्यान अधीक्षक व वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में दोपहर को 4.30 से 5.00 बजे के दरम्यान किया जाएगा। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं वे उपस्थित रह सकते है वे ई-मेल, सुझाव/आपत्तियों की एक प्रति के साथ।

उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष प्राधिकरण के वृक्ष अधिकारी
पेंग्विन इमारत, 2री मंजिल
वीरमाता जीजाबाई भोसले उद्यान,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर रोड,
भायखला (पूर्व), मुंबई-400027.
दूरभाष क्रमांक-022-23742162
ईमेल- dysg.ta@mcgm.gov.in

हस्ता.
उद्यान अधीक्षक
एवं वृक्ष प्राधिकरण

पीआरओ/48/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# रेल रोकने का औचित्य

पंजाब-हरियाणा सीमा पर स्थित शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसानों के आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को बिना किसी अपराध के सजा भुगतनी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर रेलवे को भी भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से रोज 40 से 50 ट्रेनें रद्द की जा रही हैं। यात्रियों को ज्यादा समय व पैसा लगाकर अपने गंतव्य स्थानों तक जाना पड़ रहा है। रेलवे के पार्सल बुकिंग केंद्र में भी पचास फीसदी की कमी आने की बात बतायी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया ही जाना चाहिए। वे लंबे समय से आंदोलनरत रहे हैं। ऐसे में सत्ताधीशों का भी नैतिक दायित्व बनता था कि वे किसानों से बातचीत की टेबल पर बैठकर बात करते। जिससे सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देशकाल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिये टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है। फिर एक दिन यात्रा से ठीक पहले पता चलता है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है। आंदोलनकारियों को सोचना चाहिए कि उस ट्रेन से कोई मरीज कहीं दूर उपचार हेतु जा रहा होगा। कहीं कोई बेरोजगार नौकरी के लिये साक्षात्कार देने जा रहा होगा। हो सकता है कि सही समय पर न पहुंच पाने के कारण कई छात्र परीक्षा या नौकरी पाने से वंचित हो गए होंगे। समय-समय पर देश की शीर्ष अदालत के मार्गदर्शक फैसले आते रहे हैं कि हमें किसी आंदोलन के नाम पर नागरिक जीवन को बंधक नहीं बनाना चाहिए। यदि आंदोलनकारियों के अधिकार हैं तो आम नागरिकों के भी अपने अधिकार हैं। एक पुरानी कहावत है कि जहां से दूसरे व्यक्ति की नाक शुरू होती है, वहां पर पहले व्यक्ति की आजादी खत्म हो जाती है। यानी हमारी किसी भी तरह की आजादी का मतलब किसी की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। वैसे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर भी हमें सोचना चाहिए कि यातायात के साधनों, वह चाहे बस हो या ट्रेन, के परिचालन में बाधा डालना एक अपराध जैसा है। ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है। हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है। निश्चित रूप से इसमें हमारे देश के नीति-नियंताओं को भी सोचना चाहिए कि आखिर क्यों किसानों को अपनी मांगें मनवाने के लिये रेल रोकने जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं। कहीं न कहीं हमारे सत्ताधीशों के व्यवहार में व्याप्त दंभ और किसानों की मांगों के प्रति संवेदनशीलता का अभाव भी इस तरह के आंदोलनों के लिये ईंधन का काम करता है। ऐसे हालात में किसानों को अभी अपने आंदोलनों के तौर-तरीकों को बदलना पड़ेगा। उन्हें हक है कि वे अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करें। लेकिन उन्हें यह हक कदापि नहीं दिया जा सकता है कि वे देश के रेल तंत्र को ठप कर दें। यह देश की लोकतांत्रिक सहिष्णुता का अपमान करने जैसा भी है। अब समय आ गया है कि सभी लोग सुनिश्चित करें कि किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन से देश के सड़क व रेल परिवहन में कोई बाधा न उत्पन्न हो। हमें अपने निहित स्वार्थों की अनदेखी करके राष्ट्रीय हितों व सरोकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# कैदियों में टकराव रोकने को बने प्रभावी तंत्र



डॉ. केपी सिंह

उन्नीस अप्रैल को संगरूर जेल में बंदियों के दो समूहों के बीच झड़प में दो कैदियों की मौत हो गई और दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए। इससे लगभग एक सप्ताह पहले भी गुरदासपुर की केंद्रीय जेल में एक झड़प को रोकने की कोशिश करते हुए थाना प्रबंधक सहित कम से कम चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पंजाब की जेलों में पिछले एक दशक में हिंसा और दंगों की कई घटनाएं हुईं। फरवरी, 2023 में तरनतारन जिले की गोइंदवाल साहिब केन्द्रीय जेल के अन्दर लड़ाई में दो गैंगस्टर मारे गए थे। जून, 2019 में लुधियाना जेल में दंगाई कैदियों ने पुलिस से झड़प की थी। जिसमें एक कैदी की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे। मार्च, 2017 में भी गुरदासपुर जेल में कैदियों के दंगे में तीन जेल कर्मचारी घायल हो गए थे। जेलों में हिंसा के अपराधशास्त्र को जेल की सामाजिक संरचना और शासन व्यवस्था को सामने रखकर समझा जा सकता है, जो अक्सर संसाधनों के अभाव में आपसी खींचतान के कारण उत्पन्न होता है। यही नहीं, जेलों का माहौल ही शोषणकारी है और अन्याय होने पर कैदियों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया हिंसा ही होती है। मानसिक बीमारी, जातीय और धार्मिक समीकरण, बन्दियों और जेल कर्मचारियों के बीच की सांठ-गांठ, सांस्कृतिक मतभेद और जेल में बंदी गैंगस्टरों से सांठ-गांठ अन्य महत्वपूर्ण कारक हैं जो जेलों में दंगों के मूल कारण बन जाया करते हैं। पंजाब की जेलों में अधिकांश झगड़े भौतिक वस्तुओं को लेकर नहीं बल्कि प्रभुत्व, सम्मान, निष्पक्षता, वफादारी, गिरोहों की दुश्मनी व वर्चस्व जैसे गैर-भौतिक हितों को लेकर होते हैं। यही कारण है कि वे पूर्व-नियोजित होते हैं और पुलिस हस्तक्षेप के बिना उन्हें सुलझाना कठिन होता है। कुछ साल पहले 'कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव' और पंजाब राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा किए गए एक संयुक्त अध्ययन से पता चला कि पंजाब की 24 में से 18 जेलें क्षमता से अधिक भरी हुई थीं, 25 प्रतिशत पद खाली थे, 17 जेलें कल्याण अधिकारियों के बिना काम कर रही थी, बाहरी निरीक्षण तंत्र आमतौर पर नदारद था क्योंकि केवल एक जेल में ही 'बोर्ड आफ विजिटर' था जो जेलों पर स्वतंत्र निगरानी के लिए एक वैधानिक निकाय है। 660 कैदियों में से 12 प्रतिशत ने जेल-हिरासत में हिंसा का आरोप लगाया था। 15 कारागारों में कैदियों ने जेलों के अंदर नशे की तस्करी और प्रतिबन्धित सामग्री की आपूर्ति की भी बात का जिक्र किया था। ये सभी तथ्य मिलकर पंजाब की जेलों में संसाधनों, पारदर्शिता और निष्पक्षता की कमी की गवाही देते हैं, जिसका जेलों के अन्दर के जीवन और सुरक्षा पर निश्चित प्रभाव पड़ता है। ऐसी जमीनी हकीकतों के प्रकाश में जेलें ख़तरनाक, अमानवीय और दर्दनाक जगह बन जाती हैं, जहां हिंसा अपरिहार्य है।

जुलाई, 2022 में राज्य सरकार ने जेलों में 'ड्रग स्क्रीनिंग' सर्वेक्षण शुरू किया जिसमें 30,000 बन्दियों को शामिल किया गया था। यह बात सामने आई कि सर्वेक्षण में शामिल 47 प्रतिशत से अधिक कैदी नशे के आदी हैं। एक छोटी-सी जगह में इतनी बड़ी संख्या में मादक द्रव्यों का सेवन करने वालों की मौजूदगी स्वयं में एक विस्फोटक है जो फूटने का इंतजार कर रहा है। नशे का आदी व्यक्ति नशीली दवाओं के बिना जीवित नहीं रह सकता है और कैदी इसकी व्यवस्था जेलों के अन्दर गिरोहों के माध्यम से करते हैं। नशे की आपूर्ति जेल अधिकारियों की मिलीभगत के बिना सम्भव नहीं है। जेल के अन्दर जब ऐसे गिरोह हों तो हिंसा स्वाभाविक है। मादक द्रव्यों का सेवन करने वालों के इलाज के लिए जेलों में बहुआयामी नशा मुक्ति कार्यक्रमों की आवश्यकता है, वर्तमान में किए जा रहे उपाय अपर्याप्त और अप्रभावी साबित हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में पंजाब की जेलें उत्तर भारत में गैंगस्टरों के लिए पसंदीदा जगहों के रूप में भी उभरी हैं। उत्तर प्रदेश के गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी ने रूपनगर जेल में सुरक्षित और आरामदायक पनाह पाई थी। पिछले साल गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने पंजाब की एक जेल से एक न्यूज चैनल को साक्षात्कार दिया था और अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी। सलाखों के पीछे से बदमाशों द्वारा धमकी भरे संदेश और फिरौती के लिए टेलीफोन पर्याप्त संकेत हैं कि जेल प्रशासनिक मशीनरी में सब कुछ ठीक नहीं है। कारागार अत्यधिक अस्थिर और चंचल प्रवृत्ति के लोगों की बस्तियां हैं, जो निठल्ले रहते हैं। कठोर कारावास की सज़ा पाने वाले केवल 20 प्रतिशत दोषियों को ही जेल कारखानों में काम दिया जा सकता है। 75 प्रतिशत से अधिक बन्दी विचाराधीन कैदी हैं जिन्हें कानूनन काम करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। जेल के छोटे से क्षेत्र में इस तरह का निठल्ला कार्यबल शांति के लिए ख़तरा है। इसके लिए कानूनों में बदलाव करने और कैदियों के लिए पर्याप्त काम के अवसर पैदा करने की जरूरत है। तर्कसंगत स्थानांतरण नीति के अभाव में दागी जेल अधिकारी अपने पसंदीदा स्थानों पर अपनी नियुक्ति का प्रबन्ध करते रहते हैं। इसके कारण बंदी बदमाशों के गिरोहों के साथ सांठ-गांठ विकसित करना आसान हो जाता है। जिसके परिणामस्वरूप जेलों में भेदभावपूर्ण, अवैध और भ्रष्ट आचरण पनपता है जो कैदियों के बीच टकराव बढ़ाता है। अपेक्षाकृत छोटा राज्य होने के कारण पंजाब की जेलों में किसी भी जेल अधिकारी को एक स्थान पर दो साल से अधिक काम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसी प्रकार समय-समय पर समीक्षा करके अवांछित तत्वों को सेवा से बाहर किया जाना चाहिए। जेल में अन्दर की ड्यूटियों को भी एक उचित अवधि के बाद बदलते रहना चाहिए। जेल प्रणालियों में गोपनीयता अंतर्निहित है। जेल प्रशासन बन्दियों की सुरक्षा का ढिंढोरा पीटकर बन्द माहौल में काम करने का अभयस्त हो चुका है। वे अपने कामकाज की निगरानी के लिए किसी बाहरी निरीक्षण तंत्र को पसंद नहीं करते, जबकि इसके लिए वैधानिक प्रावधान है। आदर्श स्थिति में कारागार स्वतंत्र संस्थाओं के निरीक्षण के लिए खोले जाने चाहिए। कैदियों के बीच के तनाव और टकराव के समाधान के लिए भी एक प्रभावी तंत्र का होना बहुत आवश्यक है। कारागारों में हिंसा रोकने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने वर्ष 1998, 2006 और 2015 में निर्देश जारी किए थे, परंतु इन निर्देशों में केवल जेलों की सुरक्षा को अचूक बनाने को आधार बनाया गया है और यह मान लिया गया कि जेलों में हिंसा केवल सुरक्षा में कमी के कारण ही होती है। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि हिंसा के पीछे अनेक कारण होते हैं जिनका निवारण आवश्यक है। सरकारों और प्रशासनिक अमले की इस सोच में आमूल-चूल परिवर्तन अत्यन्त आवश्यक है ताकि समय रहते उन समस्याओं का समाधान किया जा सके जिसके कारण हिंसा होती है।

जेलों से सम्बन्धित वर्तमान कानून पर्याप्त कठोर हैं और अनुशासन और सुरक्षा बनाए रखने में सक्षम हैं। जरूरत इस बात की है कि जेल प्रशासन अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ करे। हिंसा की प्रत्येक घटना की पूरी जांच करके लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही निश्चित करके समुचित दण्ड दिया जाना चाहिए। पंजाब एक सीमान्त प्रान्त है। यहां की जेलों में हिंसा देश की सुरक्षा के लिये ख़तरनाक साबित हो सकती है।

# सन्यस्त शिव का स्वरूप



नील वर्ण का उनका शरीर है, क्योंकि यह चन्द्रमा के लाइन पर वे बैठे हैं, उनके गले में, हाथ में सर्प लपटे हैं। इनका सारा ही अलंकार सर्पों से हो जाता है।

आप सब जानते हैं। सन्यस्त उसे कहना चाहिए जो आदमी आत्म-साक्षात्कारी होकर के उस दशा में पहुंच गया, जहां वो साक्षी है। अंदर से वो सन्यस्त होता है, बाहर से सारे संसार में रहते हुए भी वो महान सन्यासी होता है। उसे किसी को बताना नहीं पड़ता की वह सन्यासी हैं, मैंने सन्यास ले लिया है, लेकिन जो अंदर से मन, हमारे अंदर से सन्यास ले लेता है, जो अंदर से सन्यस्त हो जाता है वो स्वरूप श्री शिव का है और जो संसार में हम विराजते हैं, संसार के जो कार्य करते है और संसार में जितने भी हम भोगते हैं, वह भोक्ता स्वरूप परमात्मा का जो है वह उनका श्री विष्णु का स्वरूप है, इसलिए विष्णु के स्वरूप में वो भोक्ता है, शिवजी के स्वरूप में वो सन्यस्त है और ब्रह्मा के स्वरूप में वे सृजन कार्य करनेवाले कर्ता है। इस सन्यासी की ओर दृष्टि करने से एक अजीब सी चीज़ दिखाई देती है कि नील वर्ण का उनका शरीर है। क्योंकि यह चन्द्रमा के लाइन पर वे बैठे हैं, उनके गले में, हाथ में सर्प लपटे हैं। इनका सारा ही अलंकार सर्पों से हो जाता है।

सर्प शीतल होते हैं, शांत होते हैं। दाहकता को पिते हुए हैं और वे अपने ऊपर सर्प को पाले हुए हैं, मानो की संसार के जितने भी दुष्ट, जितना भी विपरित , जितना भी डंक, जितनी भी जबरदस्त चीज़े संसार को नष्ट करनेवाली है, सबको अपने शरीर में समाऐं हुए हैं। दुनियाभर का गरल वो पिए हैं। अपने आप जानते ही है उन्होंने गरल को शुरू में ही सारा पी लिया। जो कुछ भी गरल संसार का होता है, हुए वह अपने अन्दर पी कर संसार को ठंडा रखते है। संसार को सुख देते है। जो कुछ भी मर जाती है चीज़,खत्म हो जाती है वह सारे ही उनके राज्य में जाकर बसती है। जो बेकार के लोग होते है, जो महादुष्ट होते हैं उनके कारागार भी उन्हीं के चरण धुली से बंद हो जाते है। वे लोग बंदिस्त होते हैं शिवजी की कृपा से। उनके सर पर चन्द्रमा का राज्य है। चन्द्रमा स्वतः लक्ष्मी के भाई है और इसलिए कहा जाता है की अपने साले को उन्होंने अपने सर पे रख लिया है। उनका बहुत ही अजीब सा वर्णन कवियों ने किया हुआ है और बहुत सुंदर, उनके सिर पर गंगा का बोझ उन्होंने उठाया हुआ है, मानो वो सबका गर्व हरण करने वाले है।

गंगा जैसी गर्ववती को भी उन्होंने अपने जटा में बांध दिया। इतनी उनकी जटाएं जबरदस्त है। मनुष्य में जो अहंकार होता है उसे भी वो अपने अंदर पी लेते हैं और इसी प्रकार वो संसार की अहंकारी लोगों से रक्षा करते हैं। वो अतुलनीय है, उनका कोई वर्णन शब्दों में नहीं कर सकते, लेकिन उनके अंदर बहुत बड़ी, एक बहुत ही असाधारण शक्ति है, जो किसी भी देव देवताओं में नहीं है वह है क्षमा की शक्ति। वे दुष्ट से दुष्ट महादुष्ट को भी क्षमा कर सकते है। जिन्हे गणेशजी क्षमा नहीं कर सकते, जिन्हे येशु मसीह नहीं क्षमा कर सकते उनको भी सदाशिव क्षमा कर सकते है। इसलिए हमेशा जब भी क्षमा मांगनी होती है, तो उन्ही से क्षमा मांगी जाती है क्योंकि कुछ कुछ ऐसी बताएं है, जिसे गणेश बिलकुल नहीं क्षमा कर सकते।

प्रस्तुति : धीरज सिंह

शख्सियत | मणिभाई भीमभाई देसाई

# सामाजिक कार्यकर्ता और स्वतंत्रता सेनानी



**मणिभाई भीमभाई देसाई, एक भारतीय सामाजिक कार्यकर्ता और महात्मा गांधी के सहयोगी थे। अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने के बाद, देसाई स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के साथ शामिल हो गये। युवा मणिभाई ने महात्मा गांधी को उरुली (पुणे) के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने का संकल्प दिया, जहां गांधीजी 1946 में रुके थे। देसाई को 1968 में पद्मश्री और 1982 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार जैसे कई पुरस्कार भी मिले।**


उनका जन्म 27 अप्रैल 1920 को ब्रिटिश भारत के सूरत जिले, बॉम्बे प्रेसीडेंसी के कोसमाडा गांव में हुआ था। स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद मणिभाई स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के साथ शामिल हो गए। महात्मा गांधी 1946 में पुणे शहर के पास उरुली कंचन गांव में रुके थे। उस समय गांधीजी का पश्चिमी चिकित्सा से भरोसा उठ गया था और वे प्राकृतिक चिकित्सा का पता लगाना चाहते थे। इस उद्देश्य से उन्होंने मणिभाई को उराली में नव स्थापित प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम के प्रबंधक के रूप में नामित किया। युवा मणिभाई ने महात्मा गांधी को उरुली के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने की प्रतिज्ञा दी। वहां उनकी पहली प्रमुख गतिविधि प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम का प्रबंधन करना था जो आज भी जारी है और पूरे भारत में प्रसिद्ध है। आश्रम में प्राकृतिक चिकित्सा चिकित्सा गांधीजी द्वारा जारी दिशानिर्देशों का पालन करती थी। इनमें आहार का नियमन, उपवास, धूप-स्नान, सिंकाई, भाप-स्नान, मिट्टी-पट्टी, मालिश और गैर-हानिकारक देशी जड़ी-बूटियां शामिल थीं। मणिभाई ने इसके बाद उरुली में एक हाई स्कूल खोला। हालांकि गांधीवादी सिद्धांत मणिभाई के काम के केंद्र में थे, उनका मानना था कि ग्रामीण गरीब वैज्ञानिक प्रगति से लाभान्वित हो सकते हैं। प्राकृतिक चिकित्सा आश्रम में अपने काम के दौरान, मणिभाई ने खुद को बागवानी और मवेशी प्रजनन के पहलुओं को सिखाया। इसे अगले चरण में ले जाने के लिए, उन्होंने 1967 में एनजीओ भारतीय एग्रो-इंडस्ट्रीज फाउंडेशन (बीएआईएफ) की स्थापना की। BAIF गुजरात के गिर जैसी मजबूत भारतीय नस्लों के साथ होल्स्टीन फ्रीजियन और जर्सी जैसे उच्च उपज देने वाले यूरोपीय मवेशियों के क्रॉस ब्रीडिंग में अग्रणी रहा है। इस अवधि के दौरान मणिभाई ने पशु प्रजनन, खेती की तकनीकों के बारे में जानने और धन जुटाने के लिए डेनमार्क, ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और इजराइल जैसे दुनिया भर के कई देशों का दौरा किया। उच्चतम स्तर पर भारतीय राजनेता गाय प्रजनन गतिविधियों को देखने के लिए उराली का दौरा करते थे। बाद में मणिभाई ने पशु स्वास्थ्य, पोषण, वनीकरणबंजर भूमि विकास और आदिवासी विकास को शामिल करने के लिए BAIF के लिए गतिविधियों का दायरा बढ़ाया।

जीवन ऊर्जा

हरबर्ट स्पेन्सर : जन्म, 27 अप्रैल 1820 | जन्म

# शिक्षा का महान उद्देश्य ज्ञान नहीं बल्कि कार्यवाई है

हरबर्ट स्पेंसर का जन्म 27 अप्रैल 1820 को डर्बी, इंग्लैंड में हुआ था। वह विक्टोरिया काल के एक अंग्रेज़ दार्शनिक, जीव-वैज्ञानिक, समाजशास्त्री और प्रसिद्ध पारंपरिक उदारवादी राजनैतिक सिद्धांतकार थे। स्पेंसर ने द इकोनॉमिस्ट पर उप-संपादक के रूप में काम करते हुए अपनी पहली पुस्तक, सोशल स्टैटिक्स प्रकाशित की। हरबर्ट स्पेंसर कि मृत्यू 8 दिसंबर 1903 आयु 83 में ब्राइटन , ससेक्स , इंग्लैंड में हुई थी।



शिक्षा का उद्देश्य चरित्र निर्माण है। विज्ञान संगठित ज्ञान है। किसी जीवित वस्तु को किसी भी क्षण होने वाले परिवर्तनों की बहुलता से एक मृत वस्तु से अलग किया जाता है। चरित्र निर्माण के लिए शिक्षा के पास अपनी वस्तु है। साहसिक बनो, साहसिक बनो, और हर जगह साहसिक बनों। कितनी बार दुरूपयोग शब्द भ्रामक विचार उत्पन्न करते हैं। कोई भी पूरी तरह से खुश नहीं हो सकता जब तक कि सभी खुश न हों।

सारा समाजवाद दासता को जोड़ता है। सभी प्रकार की बेवफाई एक गहरा डर है। स्वास्थ्य का संरक्षण एक कर्तव्य है शारीरिक नैतिकता जैसी कोई चीज़ नहीं।

प्यार जिंदगी का अंत है, लेकिन कभी खत्म नहीं होता। प्यार जीवन की दौलत है, कभी खर्च नहीं होती। जंगली जानवर के लिए एक पिंजरा क्या है, कानून स्वार्थी आदमी के लिए है। हर कारण एक से अधिक प्रभाव पैदा करता है। मूर्खता के प्रभाव से पुरुषों को बचाने का अंतिम परिणाम दुनिया को मूर्खों से भरना है। जीवन बाहरी संबंधों के आंतरिक संबंधों का निरंतर समायोजन है।

सरकारे अनिवार्य रूप से अनैतिक है। पवित्र की अशुद्धता पर एक पूरा लेख लिखा जा सकता है। एक जूरी औसत अज्ञान के बारह पुरूषों के समान है। हम सभी पूर्वाग्रह को मिटाते हैं फिर भी सभी पूर्वाग्रह से ग्रसित है।

वीर-पूजा सबसे मजबूत है जहां मानव स्वतंत्रता के लिए कम से कम सम्मान है। विज्ञान में महत्वपूर्ण बात यह है कि विज्ञान की प्रगति के रूप में किसी के विचारों को संशोधित और बदलना है। हमारा जीवन हमारी अज्ञानता से सार्वभौमिक रूप से छोटा हो गया है। एक नैतिक प्राणी के रूप में मनुष्य की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता आत्म-नियंत्रण की क्षमता है। शिक्षा पूरी तरह से जीने की तैयारी है। ब्रह्मांड की सभी संरचनाएं एक सरल, समान, समरूपता से एक जटिल, भिन्न, विविधता में विकसित होते हैं।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

# चार श्लोकों मे पूरे भागवत का सार



पुराणों के अनुसार,ब्रह्माजी द्वारा भगवान नारायण की स्तुति किए जाने पर प्रभु ने उन्हें सम्पूर्ण भागवत-तत्त्व का उपदेश केवल चार श्लोकों में दिया था। आइये जानते हैं कौन हैं वे चार श्लोक, जिनके पाठ से पूरी भागवत पाठ का फल मिलेगा।




### श्लोक- 1

अहमेवासमेवाग्रे नान्यद यत् सदसत परम।
पश्चादहं यदेतच्च योऽवशिष्येत सोऽस्म्यहम।।

अर्थ- सृष्टि से पूर्व केवल मैं ही था। सत्, असत या उससे परे मुझ से भिन्न कुछ नहीं था। सृष्टी न रहने पर (प्रलयकाल में) भी मैं ही रहता हूं। यह सब सृष्टीरूप भी मैं ही हूँ और जो कुछ इस सृष्टी, स्थिति तथा प्रलय से बचा रहता है, वह भी मैं ही हूं।

### श्लोक-2

ऋतेऽर्थं यत् प्रतीयेत न प्रतीयेत चात्मनि।
तद्विद्यादात्मनो माया यथाऽभासो यथा तमः।।

अर्थ- जो मुझ मूल तत्त्व को छोड़कर प्रतीत होता है और आत्मा में प्रतीत नहीं होता, उसे आत्मा की माया समझो। जैसे (वस्तु का) प्रतिबिम्ब अथवा अंधकार (छाया) होता है।

### श्लोक-3

यथा महान्ति भूतानि भूतेषूच्चावचेष्वनु।
प्रविष्टान्यप्रविष्टानि तथा तेषु न तेष्वहम॥

अर्थ- जैसे पंचमहाभूत (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) संसार के छोटे-बड़े सभी पदार्थों में प्रविष्ट होते हुए भी उनमें प्रविष्ट नहीं हैं, वैसे ही मैं भी विश्व में व्यापक होने पर भी उससे संपृक्त हूं।

### श्लोक-4

एतावदेव जिज्ञास्यं तत्त्वजिज्ञासुनाऽऽत्मनः।
अन्वयव्यतिरेकाभ्यां यत् स्यात् सर्वत्र सर्वदा॥

अर्थ- आत्मतत्त्व को जानने की इच्छा रखने वाले के लिए इतना ही जानने योग्य है की अन्वय (सृष्टी) अथवा व्यतिरेक (प्रलय) क्रम में जो तत्त्व सर्वत्र एवं सर्वदा रहता है, वही आत्मतत्व है।

पुराणों के अनुसार, इस चतुः श्लोकी भागवत के पाठ करने या फिर सुनने से मनुष्य के अज्ञान जनित मोह और मदरूप अंधकार का नाश हो जाता है और वास्तविक ज्ञान रूपी सूर्य का उदय होता है।

श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारेहे नाथ नारायण वासुदेव



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

# जनता की अदालत

एक दिन राजा कृष्णदेव राय शिकार के लिए गए। वह जंगल में भटक गए। दरबारी पीछे छूट गए। शाम होने को थी। उन्होंने घोड़ा एक पेड़ से बांधा। रात पास के एक गांव में बिताने का निश्चय किया। राहगीर के वेश में किसान के पास गए। कहा, "दूर से आया हूं। रात को आश्रय मिल सकता है?"

किसान बोला, "आओ, जो रूखा-सूखा हम खाते हैं, आप भी खाइएगा। मेरे पास एक पुराना कम्बल ही है, क्या उसमें जाड़े की रात काट सकेंगे?" राजा ने 'हां' में सिर हिलाया।

रात को राजा गांव में घूमे। भयानक गरीबी थी। उन्होंने पूछा, "दरबार में जाकर फरियाद क्यों नहीं करते?" कैसे जाएं? राजा तो चापलूसों से घिरे रहते हैं। कोई हमें दरबार में जाने ही नहीं देता।" किसान बोला। सुबह राजधानी लौटते ही राजा ने मंत्री और दूसरे अधिकारियों को बुलाया। कहा, "हमें पता चला है, हमारे राज्य के गांवों की हालत ठीक नहीं है। तुम गांवों की भलाई के काम करने के लिए खज़ाने से काफी रुपया ले चुके हो। क्या हुआ उसका?" मंत्री बोला, "महाराज, सारा रुपया गांवों की भलाई में खर्च हुआ है। आपसे किसी ने गलत कहा।" मंत्री के जाने के बाद उन्होंने तेनाली राम को बुलवा भेजा। कल की पूरी घटना कह सुनाई। तेनाली राम ने कहा, "महाराज, प्रजा दरबार में नहीं आएगी। अब आपको ही उनके दरबार में जाना चाहिए। उनके साथ जो अन्याय हुआ है, उसका फैसला उन्हीं के बीच जाकर कीजिए।" अगले दिन राजा ने दरबार में घोषणा की-"कल से हम गांव-गांव में जाएंगे, यह देखने के लिए कि प्रजा किस हाल में जी रही है!" सुनकर मंत्री बोला, "महाराज, लोग खुशहाल हैं। आप चिन्ता न करें। जाड़े में बेकार परेशान होंगे।" तेनाली राम बोला, "मंत्रीजी से ज्यादा प्रजा का भला चाहने वाला और कौन होगा? यह जो कह रहे हैं, ठीक ही होगा। मगर आप भी तो प्रजा की खुशहाली देखिए।" मंत्री ने राजा को आसपास के गांव दिखाने चाहे। पर राजा ने दूर-दराज के गावों की ओर घोड़ा मोड़ दिया। राजा को सामने पाकर लोग खुल कर अपने समस्याएं बताने लगे। मंत्री के कारनामे का सारा भेद खुल चुका था। वह सिर झुकाए खड़ा था। राजा कृष्णदेव राय ने घोषणा करवा दी- अब हर महीने कम से कम एक बार वे खुद जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

लोकतंत्र का

# महा उत्सव 2024

मुंबई और राज्य में पार्टी का दलित चेहरा हैं वर्षा गायकवाड़



2014 और 2019 में लगातार दो बार सांसद चुनी गई हैं पूनम महाजन




**मुंबई नार्थ सेंट्रल सीट** कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड़ लोकसभा चुनावों में उतारा

# पूनम महाजन से होगा मुकाबला या कटेगा पत्ता ?

लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी पार्टियां कड़ी मेहनत कर रही हैं। मुंबई से कांग्रेस ने उत्तर मध्य सीट से मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को टिकट दिया है। बता दें कि अभी तक भाजपा ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। वर्तमान में यहां से भाजपा सांसद पूनम महाजन हैं।

## मंत्री रह चुकी हैं वर्षा गायकवाड़

पेशे से प्रोफेसर वर्षा गायकवाड़ मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष होने के साथ पूर्व में मंत्री भी रह चुकी हैं। वर्षा गायकवाड़ एकनाथ गायकवाड़ की बेटी हैं। वे मुंबई और राज्य में पार्टी का दलित चेहरा हैं। वे धरावी से विधायक हैं। उद्धव ठाकरे सरकार में वर्षा गायकवाड़ कैबिनेट मंत्री थीं। वर्षा गायकवाड़ के पिता एकनाथ गायकवाड़ हैं। जो तीन बार संसद सदस्य रहे। वह मराठी बौद्ध परिवार से ताल्लुक रखती हैं। वर्षा गायकवाड़ मुंबई के धारावी विधानसभ निर्वाचन क्षेत्र से 2004 से अब तक एमएलए हैं। वर्षा गायकवाड़ मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड कॉमर्स में लेक्चरर रहीं हैं।

## महायुति का उम्मीदवार अभी तय नहीं हुआ

इस लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान में पूनम महाजन भाजपा सांसद हैं। वह 2014 और 2019 में लगातार दो बार सांसद चुनी गई हैं। हालांकि, पूनम महाजन की उम्मीदवारी को लेकर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है और इस बात की प्रबल संभावना है कि महाजन का पत्ता यहां से कट जाएगा। पॉलिटिकल एक्सपर्ट मानते हैं कि मुंबई नॉर्थ सेंट्रल सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी मूल रूप से मराठी कैंडिडेट पर विचार कर रही है। बाकी की सीटों पर पार्टी ने जो कैंडिडेट उतारे हैं, वह मराठी नहीं हैं। मुंबई उत्तर पूर्व के कैंडिडेट मिहिर कोटेचा मूल रूप से गुजराती हैं। मुंबई उत्तर के उम्मीदवार पीयूष गोयल मारवाड़ी हैं। अगर बाकी के सीटों पर मराठी कैंडिडेट नहीं उतारे तो शिवसेना इसे बड़ा मुद्दा बना सकती है। बीजेपी मुंबई के प्रमुख आशीष शेलार टिकट की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विले पार्ले, चंदिवली, कुर्ला (एससी), कलिना, बांद्रा (पूर्व) और बांद्रा (पश्चिम) विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इनमें से दो पर बीजेपी और दो शिंदे सेना का कब्जा है। एक-एक विधानसभा सीट पर उद्धव सेना और कांग्रेस जीती है। इस क्षेत्र में मिलीजुली आबादी रहती है। ईसाई और मुस्लिम वोटों की तादाद भी अच्छी खासी रही है। बीजेपी ने पिछले दोनों चुनावों में शिवसेना से गठबंधन के कारण जीत हासिल की थी। अब शिवसेना के दो टुकड़े हो चुके हैं और राजनीतिक हालात बदल गए हैं। चुनावी इतिहास में किसी पार्टी ने इस सीट पर जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। अब बीजेपी की नजर मूल मराठी वोटरों पर टिकी हैं और आशीष शेलार इस बदले हालात में उम्मीदवारी के लिए फिट हैं। बीजेपी के नेताओं का दावा है कि जनता इस बार भी नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही वोट करेगी।





### काफी वीआईपी सीट है

मुंबई उत्तर मध्य सीट काफी वीआईपी मानी जाती है। 2014 से पहले इस सीट पर कांग्रेस कब्जा था। दिवंगत अभिनेता सुनील दत्त की बेटी प्रिय दत्त 2009 में इसी सीट से संसद पहुंची थी। 2004 में भी कांग्रेस को इस सीट पर जीत मिली थी। इससे पहल यहां से अविभाजित शिवसेना के दिग्गज नेता मनोहर जोशी यहां से चुने गए थे। 2019 के चुनावों में प्रिया दत्त पूनम महाजन के सामने हार गई थी। उन्हें 1।30 लाख वोटों से हार स्वीकार करनी पड़ी थी। 2014 में प्रिया दत्ता 1।86 लाख वोटों से हारी थीं।

## 2019 का हाल

देश में हुए पिछले लोकसभा चुनाव में, यानी लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट पर कुल 1679891 मतदाता थे। उस चुनाव में BJP प्रत्याशी पूनम महाजन को जीत हासिल हुई थी, और उन्हें 486672 वोट हासिल हुए थे। इस चुनाव में पूनम महाजन को लोकसभा सीट में मौजूद कुल मतदाताओं में से 28।97 प्रतिशत का समर्थन प्राप्त हुआ था, जबकि इस सीट पर डाले गए वोटों में से 53।97 प्रतिशत उन्हें दिए गए थे। लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान इस सीट पर INC प्रत्याशी दत्त प्रिया सुनील दूसरे स्थान पर रहे थे, जिन्हें 356667 वोट मिले थे, जो संसदीय सीट के कुल मतदाताओं में से 21।23 प्रतिशत का समर्थन था, और उन्हें कुल डाले गए वोटों में से 39।55 प्रतिशत वोट मिले थे। इस सीट पर आम चुनाव 2019 में जीत का अंतर 130005 रहा था।




## 2014 में पूनम ने मारी बाजी

इससे पहले, मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट पर वर्ष 2014 में हुए आम चुनाव के दौरान 1737084 मतदाता दर्ज थे। उस चुनाव में BJP पार्टी के प्रत्याशी पूनम महाजन उर्फ पूनम वजेंडला राव ने कुल 478535 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी। उन्हें लोकसभा क्षेत्र के कुल मतदाताओं में से 27।55 प्रतिशत ने समर्थन दिया था, और उन्हें उस चुनाव में डाले गए वोटों में से 56।6 प्रतिशत वोट मिले थे। उधर, दूसरे स्थान पर रहे थे INC पार्टी के उम्मीदवार दत्त प्रिया सुनील, जिन्हें 291764 मतदाताओं का समर्थन हासिल हो सका था, जो लोकसभा सीट के कुल वोटरों का 16।8 प्रतिशत था और कुल वोटों का 34।51 प्रतिशत रहा था। लोकसभा चुनाव 2014 में इस संसदीय सीट पर जीत का अंतर 186771 रहा था।

## 2009 में प्रिया दत्त जीती थीं चुनाव

उससे भी पहले, महाराष्ट्र राज्य की मुंबई उत्तर मध्य संसदीय सीट पर वर्ष 2009 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान 1681985 मतदाता मौजूद थे, जिनमें से INC उम्मीदवार दत्त प्रिया सुनील ने 319352 वोट पाकर जीत हासिल की थी। दत्त प्रिया सुनील को लोकसभा क्षेत्र के कुल मतदाताओं में से 18।99 प्रतिशत वोटरों का समर्थन हासिल हुआ था, जबकि चुनाव में डाले गए वोटों में से 48।05 प्रतिशत वोट उन्हें मिले थे। दूसरी तरफ, उस चुनाव में दूसरे स्थान पर BJP पार्टी के उम्मीदवार महेश राम जेठमलानी रहे थे, जिन्हें 144797 मतदाताओं का साथ मिल सका था। यह लोकसभा सीट के कुल वोटरों का 8।61 प्रतिशत था और कुल वोटों का 21।79 प्रतिशत था। लोकसभा चुनाव 2009 में इस संसदीय सीट पर जीत का अंतर 174555 रहा था।

---

**उम्मीदवार को जानें**

# उदयनराजे भोसले

**सतारा लोकसभा सीट से उम्मीदवार**



छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद 17वीं पीढ़ी के छत्रपति उदयनराजे भोसले को बीजेपी ने सतारा लोकसभा सीट से टिकट दिया है। 24 फरवरी 1966 को नासिक में रहने वाले प्रताप सिंह और कल्पना राजे के घर में पैदा हुए उदयन भोसले ने अपनी राजनीति की शुरुआत 90 के दशक में बीजेपी के साथ की। हालांकि बाद में कुछ समय के लिए वह राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में आ गए थे। वह वह एक बार फिर से बीजेपी में लौट आए है और बीजेपी की ओर से उन्हें साल 2020 में महाराष्ट्र से राज्य सभा के सांसद हैं। उन्होंने प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के बाद सीधे राजनीति में उतर आए।

## 90 के दशक से शुरू की राजनीति

सतारा में उन्हें लोग राजा उदयन के नाम से जानते और पहचानते हैं। 90 के दशक में उदयनराजे बीजेपी के साथ राजनीति करते हुए विधायक चुने गए थे। उस समय उन्हें शिवसेना-बीजेपी की सरकार में मंत्री भी बनाया गया था। हालांकि 2009 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले उन्होंने शरद पवार की पार्टी एनसीपी ज्वाइन कर ली और एनसीपी के ही टिकट पर साल 2009, 2014 और 2019 में लोकसभा सदस्य चुने गए थे।

## एनसीपी से इस्तीफा, बीजेपी में शामिल

उदयनराजे ने 2019 में लोकसभा चुनावों के बाद और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से ठीक पहले पार्टी में मतभेद होने की वजह से एनसीपी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद बीजेपी की ओर से प्रस्ताव मिलने पर उन्होंने तत्काल बीजेपी में वापसी कर ली। चूंकि एनसीपी छोड़ने के साथ ही उन्हें लोकसभा की सदस्यता से भी इस्तीफा दिया था। ऐसे में बीजेपी में शामिल होने के बाद वह इस सीट पर हुए उपचुनाव में उतरे, लेकिन इसमें वह चुनाव हार गए थे। इसके बाद बीजेपी ने उन्हें साल 2020 में राज्यसभा भेज दिया था। सतारा लोकसभा क्षेत्र में उदयनराजे की लोकप्रियता का अंदाजा इतने से भी लगाया जा सकता है कि यहां के लोग छोटे मोटे कार्यक्रमों में भी उनके पास आमंत्रण लेकर पहुंच जाते हैं और वह किसी को निराश नहीं करते। उनकी पहचान महाराष्ट्र में दमदार भाषण शैली के लिए भी है। कई बार वह दबंग सांसद के भी उभर कर आए हैं। उनके पास महंगी और लग्जरी गाड़ियों के अलावा कीमती बाइक्स का बड़ा कलेक्शन है।

---

**स्पेशल स्टोरी** मुंबई की 3 सीटों को लेकर शिंदे सेना या बीजेपी में टेंशन

# शुरू हो गया पांचवें चरण का नामांकन

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए शुक्रवार 26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो गया, लेकिन महायुति (बीजेपी, शिंदे सेना, अजित पवार एनसीपी गठबंधन) में आधी से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार तय नहीं हो पाए हैं। बीजेपी और शिंदे सेना अब भी सीट बंटवारे पर माथापच्ची कर रही हैं। सबसे बुरी हालत तो मुंबई की 6 सीटों पर है, जहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तीन सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। बीजेपी ने दो और शिंदे सेना ने एक सीट पर उम्मीदवारों नामों की घोषणा भी कर दी है। बाकी की तीन सीटों पर अनिश्चितता कायम है।

## सीट बंटवारा नहीं

महायुति में सीट बंटवारे का मामला बहुत पेंचीदा हो गया है। शिंदे सेना और बीजेपी में जबरदस्त खींचतान मची है। हालांकि, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने साफ शब्दों में कई बार कहा है कि मुंबई की 6 सीटों में से तीन पर बीजेपी और तीन पर हमारी पार्टी चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा, सीएम शिंदे ने यह भी स्पष्ट कहा था कि ठाणे और कल्याण सीट पर भी उनकी ही पार्टी का उम्मीदवार होगा, क्योंकि इन सभी सीटों पर हमारी ही पार्टी का उम्मीदवार जीता था। दूसरी ओर, बीजेपी अब भी कोशिश कर रही है कि दक्षिण मुंबई या फिर उत्तर-पश्चिम मुंबई उसे मिल जाए। बीजेपी ठाणे सीट हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री शिंदे पर लगातार दबाव बना रही है। दोनों दलों के बीच सीट बंटवारा न होने पर दक्षिण मुंबई सीट, उत्तर-मध्य मुंबई, उत्तर-पश्चिम मुंबई, ठाणे, कल्याण, पालघर और नासिक सीट से उम्मीदवारों की घोषणा लटकी हुई है। वैसे, बीजेपी ने उत्तर मुंबई से पीयूष गोयल और उत्तर पूर्व लोकसभा सीट से मिहिर कोटेचा को उम्मीदवार घोषित किया है, जबकि शिंदे सेना ने दक्षिण मध्य मुंबई से राहुल शेवाले के नाम की घोषणा की है। इनमें मिहिर शुक्रवार को नामांकन भरने वाले हैं।




## 13 सीटों पर नामांकन

महाराष्ट्र में पांचवें चरण में 13 सीटों पर मतदान होंगे। इनमें मुंबई की सभी 6 सीटों, ठाणे-पालघर जिले की चार और उत्तर महाराष्ट्र की तीन सीटों पर चुनाव होंगे। इन सीटों के लिए शुक्रवार से उम्मीदवार नामांकन भरना शुरू कर दिया। नामांकन भरने की आखिरी तारीख 3 मई है। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को होगी। 6 मई तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 18 मई की शाम 5 बजे तक चुनाव प्रचार होगा और 20 मई को मतदान होगा।

## इन सीटों के लिए नामांकन शुरू

उत्तर मुंबई, उत्तर-पश्चिम मुंबई, उत्तर-पूर्व मुंबई, उत्तर-मध्य मुंबई, दक्षिण मध्य मुंबई, दक्षिण मुंबई, ठाणे, कल्याण, भिवंडी, पालघर, नासिक, दिंडोरी और धुले लोकसभा सीट पर शुक्रवार से नामांकन शुरू हो गया।

## ठाणे में सीट को लेकर फंसा पेंच

उत्तर-पश्चिम मुंबई लोकसभा सीट से संजय निरुपम और रविंद्र वायकर की उम्मीदवारी का मनसे की ओर से विरोध किया गया था। मनसे महिला सेना की महासचिव शालिनी ठाकरे, अंधेरी (पश्चिम) विधानसभा के विभाग अध्यक्ष मनीष धुरी के अलावा मनसे के दूसरे नेताओं के दोनों उम्मीदवारों के विरोध की खबर आई थी।

---

## गुजरात : नीलेश कुंभानी छह साल के लिए निलंबित

गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध चुने जाने के बाद कांग्रेस ने बड़ा कदम उठाया है। पार्टी ने सूरत लोकसभा उम्मीदवार नीलेश कुंभानी को छह साल के लिए निलंबित कर दिया है।



बता दें कि नीलेश कुंभानी का नामांकन फॉर्म कुछ खामियों की वजह से खारिज कर दिया गया था। इस वजह से भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। कांग्रेस की तरफ से जारी बयान के अनुसार पार्टी की अनुशासनात्मक समिति द्वारा कुंभानी को लंबी चर्चा के बाद निलंबित करने कै फैसला लिया गया है। बैठक के बाद यह निष्कर्ष निकला कि कुंभानी का नामांकन फॉर्म उनकी ओर से की गई घोर लापरवाही या भाजपा के साथ मिलीभगत के कारण खारिज किया गया।

---

**चुनावी खबर**

## नई दिल्ली : अधिकार, आवाज और आरक्षण छीनना चाहती है मोदी सरकार : राहुल गांधी



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग के दौरान कांग्रेस और बीजेपी में जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। ईवीएम और वीवीपैट मामले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला किया। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी बीजेपी और पीएम मोदी पर पलटवार किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं और कभी भी मंच से उनके आंसू छलक सकते हैं। पीएम मोदी पर हमला करते हुए राहुल गांधी ने लोगों से कहा कि अधिकार, आवाज और आरक्षण यह तीन चीज आपको संविधान से मिले हैं। और मोदी सरकार यह चीज आपसे छीन लेना चाहती है।

## राजस्थान : जोधपुर में बारात की शक्ल में मतदान करने पहुंचे परिवार की 5 पीढ़ियों के करीब 50 सदस्य



लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में शुक्रवार को 13 सीटों पर मतदान हुआ, इस दौरान जोधपुर से लोकतंत्र के इस महापर्व की एक बहुत सुन्दर तस्वीर सामने आई, जब शहर के बौराना परिवार की 5 पीढ़ियों के करीब 50 सदस्य बारात की शक्ल में एक साथ वोट डालने पहुंचे। इस दौरान परिवार के सदस्य पूरी तरह सजे-धजे थे और ढोल-ढमाके के साथ मतदान केंद्र तक पहुंचे। उनके साथ पहली बार वोट डालने वाले युवा वोटर्स से लेकर बुजुर्ग वोटर्स भी साथ थे। मतदान को लेकर बेहद उत्साहित इस परिवार के एक सदस्य ने बताया, 'हमारा परिवार सुबह करीब 7 बजे साथ में वोट डालने निकला था। इस दौरान पूरे परिवार के करीब 70 लोग एक साथ आए, इनमें फर्स्ट टाइम वोटर्स और बच्चे भी थे। हम साथ में एक ढोल वाले को भी लाए थे।' परिवार के सदस्यों ने बताया कि बच्चों समेत बड़ों में इसे लेकर बहुत उत्साह था।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र भारत के लिए बहुत खतरनाक संकेत: योगी

एजेंसी । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडी गठबंधन देश को विभाजन की ओर ले जाना चाहता है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में जिन चीजों का उल्लेख किया गया है, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के लिए खतरनाक संकेत करता है। वह देश को एक बार फिर तीन तलाक और पर्सनल लॉ लागू करने की बात कर रहे हैं। इसका पुरजोर विरोध होगा।

## कांग्रेस पर खूब बरसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



सीएम योगी ने कहा कि यह कहना है कि चुनाव में महत्वहीन मुद्दे आ रहे हैं, इससे मै पूरी तरह सहमत नहीं हूं। चुनाव के शुरुआत में हम लोगों ने मोदी की गारंटी जो विकास, सुशासन और सुरक्षा से जुड़े मुद्दे ही चुनाव के दौरान जनता के बीच लेकर गए। इस बीच इंडी गठबंधन की कांग्रेस पार्टी का घोषणा पत्र सामने आ गया। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र जिन चीजों का उल्लेख किया है, वह भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए बहुत खतरनाक संकेत करता है।

## ' मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी '

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल के चुनाव को लेकर एक बयान में कहा कि दूसरे चरण में आज लोकसभा के 13 राज्यों के 89 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव आज सम्पन्न हो जाएगा। कुल मिलाकर 191 सीटों पर चुनाव हो जाएंगे। देश के अंदर जो उत्साह है। लोगों के मन में मोदी के कार्यों को लेकर जो उमंग है, सकारात्मक माहौल है, उसे देखते हुए कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों को जनता जनार्दन का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। फिर एक बार देश के अंदर मोदी की सरकार के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## ' भारत ने दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई-योगी '

शुक्रवार को उन्होंने कहा कि देश कार्य को देखना चाहता है। मोदी ने देश को 10 साल में एक नई दिशा दी है। आजादी के समय से लेकर अब तक यह स्वर्णिम काल है। देश के अंदर विभिन्न सेक्टर में कुछ नया करके दिखाया है। भारत ने दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। मेरा मानना है कि मोदी के नेतृत्व में चार जून को जब परिणाम आएंगे तो फिर से मोदी सरकार बनेगी।

### भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने लिखित शिकायत दर्ज कराई

# एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी के भड़काऊ बयान की चुनाव आयोग से शिकायत

एजेंसी । वाराणसी



एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बीते गुरुवार को वाराणसी नाटीइमली में पीडीएम न्याय मोर्चा की जनसभा में भागीदारी की। जनसभा में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने अपने अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,आरएसएस,समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला।

## धार्मिक भावनाएं आहत

असदुद्दीन ओवैसी के बयान को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने नाराजगी जताई है। और चुनाव आयोग से उनके भड़काऊ बयान की शिकायत की है। विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र संयोजक अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि भड़काऊ बयान देकर धार्मिक भावनाएं आहत कर वोटबैंक की राजनीति की गई।

## प्रधानमंत्री के ऊपर अनर्गल आरोप

उन्होंने कहा कि ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर कई गलत, झूठ,अनर्गल आरोप और अल्पसंख्यक समाज को भड़काकर उनका ध्रुवीकरण करने के लिए भी कई प्रकार के गलत व झूठे बयान दिए।

## जानिए क्या कहा था ओवैसी ने?

गौरतलब हो कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जेलों में सबसे ज्यादा दलित, पिछड़ा, आदिवासी और मुसलमान हैं। बुलडोजर से घर हमारा तोड़ा जाता है। पैर में गोली हमारे मारी जाती है और जेल में जहर हमें दिया जाता है। इसलिए हम चाहते हैं कि हम सिर्फ वोट डालने वाले न रह जाएं। हम वोट लेने वाले भी बनें। ओवैसी ने कहा कि मुख्तार अंसारी न्यायिक अभिरक्षा में मार दिए गए। वह शहीद हैं और ऐसे लोग कभी मरा नहीं करते, वो जिंदा रहते हैं।

### राजस्थान

## कार ने सड़क किनारे सो रहे परिवार के 11 लोगों को कुचला

**दौसा।** महवा कस्बे में गुरुवार देर रात बेकाबू कार ने सड़क किनारे सो रहे 11 लोगों को कुचल दिया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दो घायलों का महवा के सरकारी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, जबकि गंभीर रूप से जख्मी छह लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। सभी मृतक व घायल खानाबदोश परिवार के लोग थे, जो टीकाराम पालीवाल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास सड़क किनारे झुग्गी में रहते थे। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। हेड कॉन्स्टेबल बृजकिशोर ने बताया कि रात करीब 11.20 बजे घटना की सूचना पुलिस को मिली थी। जांच में सामने आया कि तेज रफ्तार हुंडई औरा कार के ड्राइवर ने तेज गति और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए सड़क किनारे सो रहे लोगों को कुचल दिया है।

## महिला की हत्या में दो लोगों को आजीवन कारावास

**झुंझुनू।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण कोर्ट ने शुक्रवार को एक महिला की हत्या के मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। हत्या में एक व्यक्ति को बरी कर दिया गया। डाबड़ीधीर सिंह निवासी मानसिंह व सुरेश कुमार को दोषी माना है। वहीं खीचड़ों का बास तन बाजला निवासी संदीप कुमार पुत्र नंदलाल को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। डाबड़ी धीरसिंह निवासी गुरुदयाल पुत्र चेतराम ने मलसीसर थाने में 17 अगस्त 2021 को एक रिपोर्ट दी कि 16 अगस्त 2021 की रात्रि वह तथा उसकी पत्नी अपने घर पर सोये हुए थे। उसी दौरान मान सिंह, सुरेश सिंह व दो-तीन अन्य व्यक्ति बोलेरो लेकर आए उसके घर में घुस कर जाति सूचक शब्द से अपमानित कर घसीटकर मारपीट करते हुए कमरे से बाहर ले आए। बीच बचाव करने आई कमला देवी, भाई सुमेर व नरेंद्र को जान से मारने की नीयत से बोलेरो टक्कर मार दी। इलाज के दौरान कमला देवी की मौत हो गई।

## बदमाशों ने छात्र को पीटकर गाड़ी के आगे फेंका

**रेवाड़ी:** रेवाड़ी में बेखौफ बदमाशों ने एक छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट की है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें बदमाश छात्र को गाड़ी के आगे फेंकते हुए दिखाई दिए। यह वीडियो रेवाड़ी के गांव कुंड बैरियर का है। घायल छात्र को रेवाड़ी के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 19 वर्षीय छात्र अंकित रेवाड़ी के पाडला गांव का रहने वाला है। पीड़ित छात्र के पिता वेदव्रत ने बताया कि वह पेशे से किसान हैं।

# चूरन चटनी खाने वाले ने बहुत से लोगों का हाजमा दुरुस्त कर दिया : शिवपाल

**मुख्यमंत्री योगी ने जसवंत नगर में जनसभा के दौरान दिए बयान पर सपा महासचिव ने किया पलटवार**



एजेंसी । बदायूं

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इटावा के जसवंत नगर में बेचारा और सत्यनारायण की कथा में चूर्ण खाना वाले व्यक्ति बताने के बयान पर बदायूं में सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने पलटवार किया है। मुख्यमंत्री के बयान के बाद शिवपाल यादव ने ट्विटर हैंडल पर भी पोस्ट कर जवाब दिया है।

## मुख्यमंत्री कपड़े तो संतों के पहनते हैं, लेकिन संतों का ज्ञान नहीं है


पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव के आवास पर शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री कपड़े तो संतों के पहनते हैं, लेकिन संतों का ज्ञान नहीं है। सत्यनारायण की कथा के बाद प्रसाद बंटता है वह प्रसाद को चूरन चटनी बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि चूरन चटनी खाने वाले व्यक्ति ने बहुत से लोगों का हाजमा दुरुस्त कर दिया है। सपा महासचिव ने राजनीति में एक मंझे हुए नेता की तरह कहा कि चुनाव में भाषा की मर्यादा को नहीं भूलना चाहिए। राजनीति में ऐसी बात नहीं होनी चाहिए। राजनीति में महंगाई, भ्रष्टाचार, विकास जैसे मुद्दों पर बात होनी चाहिए। प्रधानमंत्री की बरेली में हुई सभा और बरेली में हो रहे रोड शो पर कहा कि चुनाव के पहले चरण से ही भाजपा बौखला गयी है और इसीलिए प्रधानमंत्री गलत भाषण दे रहे हैं। इन्होंने जनता को भ्रमित किया है, उनकी हार पक्की है। यह समझ चुके हैं कि पहले चरण में इनकी हार हो चुकी है। पश्चिम से हवा चल पड़ी है और पूरब तक चलते-चलते आंधी बन जाएगी।

# 70 वर्षों से संगीत की सेवा कर रहे पंडित बृज गोपाल व्यास का निधन

एजेंसी । मुरादाबाद

70 वर्षों से संगीत की सेवा कर रहे पीतलनगरी के वरिष्ठ संगीतज्ञ पंडित बृज गोपाल व्यास (91 वर्षीय) का गुरुवार देर रात्रि निधन हो गया। थाना कटघर क्षेत्र के पचपेड़ा यज्ञशाला निवासी व वर्तमान में दिल्ली रोड नया मुरादाबाद निवासी पंडित बृज गोपाल व्यास को संगीत विरासत के रूप में अपने पिता स्वर्गीय पंडित पुरुषोत्तम व्यास से मिला था। बृज गोपाल पिछले 7 दशकों से संगीत की सेवा में समर्पित थे वह 16 वर्ष की अल्प आयु से हारमोनियम, सितार आदि वाद्ययंत्रों का अभ्यास कर रहे थे। निरंतर अभ्यास के कारण उनकी रुचि संगीत के क्षेत्र में तेजी से बढ़ती चली गई। उन्होंने वाद्य यंत्रों के साथ गायन भी शुरू कर दिया। 25 वर्ष की आयु तक स्व श्री व्यास ने राग यमन राग भैरवी राज समाज पर उन्होंने काफी अच्छी पकड़ बना ली थी।

## दिल्ली की प्राचीन रामलीला में कई वर्षों तक संगीत दिया



स्वर्गीय पंडित बृज गोपाल व्यास के परिवार में संगीत का माहौल कई पीढियां से चला आ रहा है। पंडित जी ने गायन और वादन में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करके मुंबई आना जाना शुरू किया। मुंबई में विभिन्न फिल्म शूटिंग के दौरान कई संगीत निर्देशक पंडित बृज गोपाल व्यास से सलाह मशवरा लेते रहते थे। दिल्ली में होने वाली प्राचीन रामलीला में पंडित बृज गोपाल व्यास ने लंबे समय तक संगीत दिया। आज भी दिल्ली, मुरादाबाद के अलावा मुंबई, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा आदि प्रदेशों में आयोजित होने वाली रामलीला के मंचों पर पंडित बृज गोपाल व्यास का नाम लिया जाता हैं। उनके संगीत की प्रस्तुति से ही रामलीला का संचालन होता है। स्वर्गीय पंडित बृज गोपाल व्यास लंबे समय से संगीत की शिक्षा दे रहे थे। जिन बच्चों को संगीत की चाह थी और संगीत की उपासना करना चाहते थे ऐसे बच्चों को वह लंबे समय से नि :शुल्क शिक्षा दे रहे थे आज भी उनके घर में कई पुराने वाद्य यंत्र मौजूद हैं।

# हापुड़ में फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर गिरफ्तार

एजेंसी । हापुड़

मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट में जनपद हापुड़ के एक मतदान केंद्र के बाहर से शुक्रवार को फर्जी सीबीआई इंस्पेक्टर को गिरफ्तार किया गया है। वह उत्तर प्रदेश सरकार लिखी चार पहिया वाहन से मतदान केंद्र पर पहुंचा था। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने अभियुक्त का नाम अंकित है। वह खुद को चुनाव ड्यूटी में तैनात बता रहा था। उसके पास से उत्तर प्रदेश सरकार लिखी ऑल्टो कार, एक फर्जी आईकार्ड और वर्दी बरामद मिली है। युवक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भूसे के ढेर में मिला बारात से लापता युवक का शव

एजेंसी । मीरजापुर

ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां गांव में दो दिन पूर्व बरात से लापता हुए युवक का शव शुक्रवार को घर से आधा किलोमीटर दूर खलिहान स्थित मड़हे में रखा भूसा के ढ़ेर में पाया गया। नौगवां गांव निवासी अजय कुमार का शव घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर खलिहान में मड़ाई कर रखे भूसे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पिता पहलोदी ने गुरुवार को बेटे की गुमशुदगी रिपोर्ट ड्रमंडगंज थाने में दर्ज कराई थी।

## व्यापार जगत

# नेस्ले के बेबी फूड सेरेलैक के नमूने इकट्ठे कर रहा है FSSAI

एजेंसी । नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई के अनुसार वह पूरे भारत से नेस्ले के बेबी फूड सेरेलैक के नमूने इकट्ठे कर रहा है। नियामक की ओर से यह कार्रवाई उत्पादों में अतिरिक्त चीनी मिलाने की खबरों के बाद की जा रही है।

## इस प्रक्रिया को पूरा होने में लग सकता है इतना समय




एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जी कमला वर्धन राव ने एसोचैम के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि, "इस प्रक्रिया को पूरा करने में 15 से 20 दिन का समय लगेगा।" एफएसएसएआई स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है, जो खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिए उत्तरदायी है। इससे पहले, स्विस एनजीओ पब्लिक आई की ओर से प्रकाशित एक वैश्विक रिपोर्ट पर संज्ञान लेने के बाद उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने नेस्ले के शिशु खाद्य उत्पादों में कथित उच्च चीनी की मात्रा पर चिंता व्यक्त किया था।

## चीनी की मात्रा को लेकर नेस्ले इंडिया का दावा

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नेस्ले यूरोप के बाजारों की तुलना में भारत, अफ्रीका और लैटिन अमेरिकी देशों सहित कम विकसित दक्षिण एशियाई देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचती है। हालांकि, नेस्ले इंडिया की ओर से दावा किया गया कि उसने अनुपालन से कभी समझौता नहीं किया और उसने पिछले पांच वर्षों में भारत में शिशु खाद्य उत्पादों में चीनी की मात्रा में 30 प्रतिशत तक की कमी की है।

# डेलॉयट इंडिया ने भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया

एजेंसी । नई दिल्ली

वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फी फीसदी रहने का अनुमान जताया है। डेलॉयट ने निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह को इसकी मुख्य वजह बताया है।

## प्रीमियम लग्जरी उत्पादों की मांग बढ़ी

डेलॉयट इंडिया ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों एवं सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है।




## वैश्विक अर्थव्यवस्था में समकालिक बदलाव

डेलॉयट ने अपने आर्थिक परिदृश्य में कहा कि देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 फीसदी और उसके अगले वित्त वर्ष में 6.75 फीसदी तक पहुंचने का अनुमान है। वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजुमदार ने जारी बयान में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 में एक समकालिक बदलाव देखने की उम्मीद है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एक दिन पहले जारी की गई मासिक आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि वैश्विक स्तर पर चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर का पूर्वानुमान


वित्तीय परामर्श कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान को भी संशोधित कर 7.6 फीसदी से 7.8 फीसदी के बीच कर दिया है। डेलॉयट ने जनवरी में पिछले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.9 से 7.2 फीसदी की सीमा में रहने का अनुमान जताया था।

# वोडाफोन आइडिया के शेयरों में हुई बड़ी ब्लॉक डील

एजेंसी । नई दिल्ली

वोडाफोन आइडिया के शेयरों में शुक्रवार 26 अप्रैल एक बड़ी ब्लॉक डील देखने को मिली, जिसके बाद कंपनी के शेयर कारोबार के दौरान 3 फीसदी से अधिक टूट गए। ब्लॉक डील में वोडाफोन आइडिया के करीब 2,000 करोड़ रुपये के शेयरों का लेनदेन हुआ। यह कंपनी की कुल हिस्सेदारी का केवल 3 प्रतिशत है।

## ATC टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को बेच सकती है हिस्सेदारी





इस ब्लॉक डील के जरिए ATC टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर, कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बेच सकती है। मार्च तिमाही तक के शेयर होल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, ATC टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर के पास वोडाफोन की 2.8 फीसदी हिस्सेदारी है। इसने हाल में वोडाफोन के डिबेंचर्स को इक्विटी शेयर में कन्वर्ट किया था। वोडाफोन आइडिया के शेयर NSE पर 3.24 फीसदी की गिरावट के साथ 13.45 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहे थे। इस साल अब तक कंपनी के शेयरों में करीब 20.88 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। वोडाफोन आइडिया के FPO शेयर एक दिन पहले 25 अप्रैल को स्टॉक एक्सचेंजों पर लिस्ट हुए थे। आदित्य बिड़ला ग्रुप की कंपनी ने इस FPO के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटाए। यह देश का अबतक का सबसे बड़ा FPO है।

# सोने की कीमत में दिखी मामूली बढ़त, चांदी भी हुआ महंगा

एजेंसी । नई दिल्ली

दूसरे चरण के लोकसभा चुनावों के दिन देश में सोने की कीमतों में तेजी रही। दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, पटना समेत देश के कई शहरों में सोने की कीमत में 400 से 500 रुपये प्रति 10 ग्राम का उछाल आया। हाल ही में मिडिल ईस्ट में तनाव कम होने के संकेत और घरेलू फैक्टर के कारण गोल्ड अपने पीक से नीचे आया है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,690 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। सिल्वर का भाव 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम रहा।

## आपके शहर में सोने का भाव



दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत लगभग 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम है। वहीं 24 कैरेट सोने की कीमत लगभग 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम है। मुंबई में सोने का भाव में 22 कैरेट सोने की कीमत 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# टेक महिंद्रा के शेयर में 13 फीसदी का उछाल




एजेंसी । नई दिल्ली

आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी टेक महिंद्रा के शेयर जोरदार खरीदारी के चलते 13 फीसदी उछल गए। इसके शेयरों में यह खरीदारी कंपनी के तीन साल के रोडमैप के चलते है जिसके जरिए कंपनी का सुस्त कारोबार रफ्तार पकड़ सकता है। कंपनी के सीईओ और एमडी मोहित जोशी ने कल यानी 25 अप्रैल को यह रोडमैप पेश किया। इसका लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 तक मार्जिन को बेहतर करने और पियर्स के मुकाबले बेहतर रेवेन्यू ग्रोथ हासिल करने का है। इसके चलते शेयर BSE पर 13 फीसदी उछल कर 1344.95 रुपये के भाव तक पहुंच गए। मुनाफावसूली के चलते भाव में नरमी आई है लेकिन अभी भी यह काफी मजबूत स्थिति में है। फिलहाल बीएसई पर यह 8.41 फीसदी की बढ़त के साथ 1290.15 रुपये के भाव पर है। मोहित जोशी ने कहा कि बदलाव कई चरण में होगा। कंपनी के 'विजन 2027' का फोकस कंपनी के ढांचे में बदलाव, चरणबद्ध तरीके से कारोबार में सुधार और निवेश पर होगा। इस वित्त वर्ष 2025 में टर्नअराउंड फेज में नए ऑर्गेनाइजेशन बनाने, प्रमुख अकाउंट्स, मार्केट्स और सर्विस लाइन्स में निवेश पर फोकस रहेगा।




# शनिवार को होगा आईपीएल का रोमांच

## लखनऊ सुपर जायंट्स की टेबल टॉपर राजस्थान रॉयल्स से टक्कर

एजेंसी । लखनऊ

आईपीएल 2024 का 44वां मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच शनिवार शाम 7.30 बजे से लखनऊ में खेला जाएगा। राजस्थान टेबल टॉपर है। यानी पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर है। राजस्थान ने 8 में से 7 मुकाबले जीते हैं। वहीं, लखनऊ सुपर जायंट्स 8 में से 5 मैच जीतकर 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। अगर लखनऊ की टीम राजस्थान को हराने में सफल रहती है तो फिर पॉइंट्स टेबल में केकेआर को पछाड़कर दूसरे स्थान पर आ जाएगी। लखनऊ सुपर जायंट्स ने पिछले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घर में हराया था। ये सीएसके की इस सीजन में घर में पहली हार थी। उस मुकाबले में मार्कस स्टोइनिस ने शतक ठोका था। वहीं, राजस्थान ने अपने पिछले मुकाबले में बड़ी आसानी से मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से रौंदा था।



### हेड टू हेड

लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच अबतक 4 मैच हुए हैं। इसमें से तीन राजस्थान ने जीते हैं। यानी पलड़ा रॉयल्स का ही भारी है।

### राजस्थान की ताकत बल्लेबाजी

आईपीएल 2024 में राजस्थान अगर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है तो उसमें टीम के बल्लेबाजों का बड़ा हाथ है। कप्तान संजू सैमसन और रियान पराग राजस्थान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं। संजू और रियान दोनों ने तीन-तीन अर्धशतक जमाने के साथ ही 300 से अधिक रन भी बनाए हैं। टॉप ऑर्डर में जोस बटलर भी गेंदबाजों की खबर ले रहे हैं। वो इस सीजन में 2 शतक लगाने वाले इकलौते बैटर हैं।

### लखनऊ के लिए केएल राहुल अहम

लखनऊ की बल्लेबाजी इस सीजन में केएल राहुल के इर्द-गिर्द घूम रही। वो टीम के लिए टॉप स्कोरर हैं। राहुल ने 8 मैच में 302 रन बनाए हैं। उनके अलावा निकोलस पूरन भी दमदार बल्लेबाजी कर रहे। मार्कस स्टोइनिस और दीपक हुडा भी लय में आ गए हैं। ऐसे में राजस्थान के गेंदबाजों के लिए ये तीनों बड़ी परेशानी बन सकते हैं।

### लखनऊ की गेंदबाजी कमजोर

लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीजन की खोज कहे जा रहे पेसर मयंक यादव चोटिल होने की वजह से 7 अप्रैल के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। मयंक ने इसी सीजन में डेब्यू किया था और पहले दो मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। उन्होंने दोनों मुकाबलों में तीन-तीन विकेट लिए थे। लेकिन, गुजरात जायंट्स के खिलाफ मैच में चोटिल होने की वजह से वो अपने कोटे के पूरे ओवर नहीं फेंक पाए थे। उनकी कमी लखनऊ को खल रही। यश ठाकुर ने 7 मैच में 9 विकेट जरूर लिए। लेकिन, वो बल्लेबाजों को डराने वाले गेंदबाज नहीं हैं।



### टीम इस प्रकार हैं

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान ।

## कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच 'दिल्ली का दंगल'



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 में शनिवार को दो मैच खेले जाएंगे। लीग के 43वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स की टक्कर मुंबई इंडियंस से होगी। ये मैच दिल्ली के होम ग्राउंड अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। ये इस सीजन में दूसरा मौका होगा, जब दिल्ली और मुंबई की टीमें आमने-सामने होंगी। जब पिछली बार दोनों टीमों की टक्कर हुई थी, तब मुंबई इंडियंस ने दिल्ली को 29 रन से हराया था। उस मैच में मुंबई ने 234 रन ठोके थे और दिल्ली की टीम 205 रन ही बना पाई थी। ऐसे में इस बार दिल्ली अपने घर में हार का हिसाब चुकता करना चाहेगी।

### दिल्ली-मुंबई के लिए अहम मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को 4 रन से हराया था। वहीं, मुंबई इंडियंस को अपने पिछले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के हाथों 9 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। दोनों टीमों की स्थिति पर अगर नजर दौड़ाएं तो बहुत अंतर नहीं है। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के पॉइंट्स टेबल में छठे स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस 8वें पायदान पर। दिल्ली ने अबतक खेले 9 में से 4 मैच जीते हैं और मुंबई ने अपने 8 में से तीन ही मुकाबले जीते हैं। ऐसे में प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए दोनों ही टीमों के लिए इस मैच में जीत जरूरी है।

### हेड टू हेड

दिल्ली और मुंबई के बीच आईपीएल में कुल 34 मुकाबले खेले गए हैं। इसमें से 19 मुंबई ने जीते और 15 में दिल्ली ने जीत हासिल की है। यानी पलड़ा मुंबई का भारी रहा है।



### पंत हिट, पंड्या कर रहे संघर्ष

दिल्ली कैपिटल्स के लिए अच्छी बात ये है कि कप्तान ऋषभ पंत इस सीजन में शानदार प्रदर्शन कर रहे। वो इस सीजन में तीन अर्धशतक जमा चुके हैं। पिछले मैच में भी उन्होंने नाबाद 88 रन बनाए थे। वो 342 रन बना चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ हार्दिक पंड्या संघर्ष कर रहे। वो गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में नाकाम रहे हैं। वहीं, कप्तानी में भी पंड्या का बुरा हाल है।

मुंबई की बल्लेबाजी रोहित शर्मा के इर्द-गिर्द घूम रही। वो टीम के टॉप स्कोरर हैं। रोहित ने 8 मैच में 303 रन बनाए हैं। ऐसे में दिल्ली के खिलाफ भी रोहित का चलना जरूरी है। वहीं, गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंप कार्ड हैं। वो 13 विकेट ले चुके हैं। पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे हैं। दूसरी तरफ दिल्ली की गेंदबाजी ही कमजोर कड़ी है। कुलदीप यादव (12 विकेट) को छोड़ दें तो कोई गेंदबाज अपनी छाप नहीं छोड़ पाया है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

## कैटरीना ने ठुकराया हॉलीवुड फिल्म का प्रस्ताव



बॉलीवुड की शीर्ष अभिनेत्रियों में शुमार कैटरीना कैफ किसी ना किसी वजह को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। आलम यह है कि कैटरीना के साथ बॉलीवुड ही नहीं हॉलीवुड के भी बड़े से बड़े फिल्म निर्माता काम करना चाहता है। जहां अन्य अभिनेत्रियां हॉलीवुड की ओर अपने कदम बढ़ा रही हैं, वहीं कैटरीना ने हाल ही में एक विदेशी फिल्म ठुकराई है। इस बात का खुलासा खुद अभिनेत्री ने किया। चलिए जानते हैं कब और आखिर क्यों।

वैरायटी को हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कैटरीना ने खुलासा किया कि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उन्हें एक हॉलीवुड फिल्म का प्रस्ताव अस्वीकार करना पड़ा। कैटरीना ने यह भी कहा कि वह हॉलीवुड में काम करना चाहती हैं और उन्हें विश्वास है कि हॉलीवुड फिल्म में किरदार निभाना आज के वक्त में बहुत जरूरी हो गया है। इतना ही नहीं, अभिनेत्री को यह भी लगता है कि यह उनके करियर को एक महत्वपूर्ण मोड़ देगा।

### क्या बोलीं कैटरीना?

कैटरीना ने बताया कि उन्हें हॉलीवुड से ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया था। अभिनेत्री ने कहा, ₹मुझे विश्वास है कि यह होगा और मुझे लगता है कि यह मेरे करियर की किताब में एक बिल्कुल नया अध्याय होगा, जो बेहद रोमांचक होगा।₹ बता दें, कैटरीना ने बाहर से आकर बॉलीवुड में जो मुकाम हासिल किया वह काबिल-ए-तारीफ है। अभिनेत्री के अभिनय ने सबको प्रभावित किया है और अब वह हॉलीवुड में भी ऐसा ही करना चाहती हैं।

## आईसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए युवराज सिंह को बनाया ब्रांड एम्बेसडर



एजेंसी । दुबई


आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल और धावक उसेन बोल्ट के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेट युवराज सिंह को एंबेसडर बनाया है। मेगा इवेंट का आगाज 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की सयुंक्त मेजबानी में होने जा रहा है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 के एंबेसडर बने युवराज सिंह का कहना है कि इस टूर्नामेंट से उनकी काफी यादें जुड़ी हुई हैं। इसी टूर्नामेंट में भारतीय दिग्गज ने एक ओवर में 6 छक्के जड़े थे।

### 'इस सीजन का हिस्सा बनना रोमाचंक'

युवराज ने आईसीसी से कहा कि, टी20 वर्ल्ड कप में खेलने से मेरी कुछ सबसे प्यारी क्रिकेट यादें जुड़ी हैं। जिसमें एक ओवर में 6 छक्के लगाना भी शामिल है, इसलिए इस सीजन का हिस्सा बनना रोमाचंक है, जो अब तक का सबसे बड़ा सीनज होने वाला है। साथ ही उन्होंने कहा कि, वेस्टइंडीज क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है, जहां फैंस इसे देखने के लिए आते हैं और एक ऐसा माहौल बनाते हैं जो दुनिया के उस हिस्से के लिए पूरी तरह से अनोखा है। जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में भी क्रिकेट का विस्तार हो रहा है और मैं टी20 वर्ल्ड कप के माध्यम से उस विकास का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं।

## सेमीफाइनल में दीपिका

### तीरंदाजों के चार पदक पक्के



**शंघाई।** मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया । विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6 . 4 (27 . 28, 27 . 27, 29 . 28, 29 . 27, 28 . 28 ) से हराया । अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा । इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई ।

### मुंबई के मैदानों से

#### ग्रेटर मुंबई पुलिस चैंपियन




मुंबई। एमसीए कॉरपोरेट ट्रॉफी सी डिवीजन के फाइनल में ग्रेटर मुंबई पुलिस के खिलाड़ियों द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला, जिसके कारण विपक्षी टीम जेएसडब्ल्यू स्टील स्पोर्ट्स क्लब की टीम को नौ विकेट के भारी अंतर से हार झेलनी पड़ी। इस प्रकार ग्रेटर मुंबई पुलिस की टीम ने खिताब को आसानी से हथिया लिया। जेएसडब्ल्यू स्टील स्पोर्ट्स क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए ग्रेटर मुंबई पुलिस के गेदबाजों के समक्ष 17.5 ओवर में मात्र 88 रनों पर ढेर हो गई। जिसके जवाब में ग्रेटर मुंबई पुलिस की टीम ने एक विकेट गवांकर मैच और खिताब दोनों को जीत लिया।

#### मंबई पोर्ट ट्रस्ट 4-1 से विजयी

**मुंबई।** स्टीफन स्वामी द्वारा दागे गए तीन शानदार गोल की मदद मुंबई पोर्ट ऑथोरिटी की टीम ने बांद्रा जिमखाना पर खेले जा रहे वार्षिक ओपन रिंक हॉकी प्रतियोगिता के पुरुषों के वर्ग में सॉवियो हॉकी अकादमी को 4-1 से पीट दिया। विजयी टीम की ओर से चौथा गोल योगेश बोरकर ने किया। अन्य मैचों में कंपानेरोज स्पोर्ट्स क्लब ने डॉन बॉस्को अकादमी को 4-3 से, इंडिया रश स्पोर्ट्स क्लब ने कान्गलीपक, मणिपुर को 1-0 से और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सीटीसी बी को 4-2 से पराजित किया।

## मुंबई शिफ्ट हो रहे हैं भुवन बाम



भुवन बम की वेब सीरीज 'ताजा खबर' को फैंस और दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। इस सीरीज को हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया गया था। अब अभिनेता इसकी दूसरी श्रृंखला लेकर जल्द आएंगे। लेकिन उससे पहले अभिनेता भुवन बाम अपने करियर को नई दिशा देने के लिए दिल्ली से मुंबई शिफ्ट हो रहे हैं। मनोरंजन की दुनिया में मिल रही लगातार उपलब्धियों की वजह से भुवन ने अब मुंबई में बसने का फैसला कर लिया है। यानी की अब भुवन दिल्ली से ज्यादा मुंबई में समय बिताने वाले हैं। उनको लगता है कि मनोरंजन की दुनियां उन्हें मुंबई खीच लाई है।

भुवन ने कहा, "मेरी जिंदगी में करियर के इस अध्याय को लेकर मैं बहुत ज्यादा उत्साहित हूं। यह शहर (मुंबई) मनोरंजन की दुनिया में अपने अंदर अपार क्षमता और कभी खत्म ना होने वाली संभावनाओं से भरा हुआ है। मैंने इस शहर की जीवंत ऊर्जा को महसूस किया है, और अब जैसा की मेरे काम की जरूर है मैं ज्यादा समय के लिए यही हूं। मुझे ऐसा करते हुए काफी स्वाभाविक महसूस हो रहा है।" भुवन बाम लगातार निर्माताओं से मिल रहे हैं और कई तरह की स्क्रिप्ट को गहराई से समझ रहे हैं।

## सोनाली ने बढ़ती उम्र पर की बात



सोनाली बेंद्रे बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर दर्शकों के बीच अपनी एक खास पहचान बनाई है। सोनाली ने अपने करियर में कई सफल फिल्मों में काम किया है। पिछले कुछ दिनों से वह वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज 2' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस सीरीज के पहले सीजन पर दर्शकों ने जमकर प्यार लुटाया था। हाल ही में सोनाली ने अपने जीवन से जुड़े अनुभव के बारे में मीडिया को बताया।

बढ़ती उम्र पर सोनाली ने कहा, ₹मैं अब 20 साल की नहीं हूं और मैं 20 साल की बनना भी नहीं चाहती। मैं बेशक अपने चेहरे की झुर्रियां देख असुरक्षित होती हूं, लेकिन मैं यह भी जानती हूं कि ये मैंने कमाई हैं। ये वो जीवन है, जो मैंने जिया है। अगर ये मेरे पास नहीं होता तो मेरे पास वो सारे अनुभव भी न होते। मैं अपनी जिंदगी के अनुभवों को बदलना नहीं चाहती।

### खुद से जुड़ी गलत खबरों से कैसे निपटती थीं सोनाली?

एक इंटरव्यू में सोनाली ने बताया कि जब उनसे जुड़ी कोई गलत खबर आती थी तो वह उससे कैसे निपटती थी। उन्होंने कहा कि मैंने एक समय के बाद प्रतिक्रिया देना बंद कर दिया था। मुझे अहसास हो गया था कि अगर कुछ बोली तो अफवाहों को और तूल मिलेगा। चाहे आप छत पर जाकर चिल्लाकर छाती पीटते हुए लोगों से कहो कि ये खबर सच नहीं है, लेकिन लोग वही सोचते हैं, जो उन्हें सोचना होता है।

# 'प्रधानमंत्री डरे हुए हैं, मंच पर आंसू भी बहा सकते हैं '

## राहुल गांधी ने कर्नाटक के विजयपुरा में जनसभा को किया संबोधित





### 'कांग्रेस ही लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है'

राहुल गांधी ने दावा किया कि केवल कांग्रेस ही बेरोजगारी समाप्त कर सकती है, महंगाई को काबू में कर सकती है और लोगों को उनकी उचित हिस्सेदारी दिला सकती है। गांधी ने कहा, मोदी ने कुछ लोगों को ही अरबपति बनाया है। देश में करीब 22 लोग हैं जिनकी संपत्ति देश के 70 करोड़ लोगों की संपत्ति के समान है। केवल एक प्रतिशत लोग देश की 40 प्रतिशत संपदा पर नियंत्रण रखते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात में दलितों, अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों, अल्पसंख्यकों और सामान्य श्रेणी के निर्धन लोगों के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा, मैं आपको केवल एक वाक्य में अपनी बात साफ कर दूंगा। मोदी ने इन अरबपतियों को जो संपदा दी है, वो पैसा हम देश की गरीब जनता को देने जा रहे हैं।

एजेंसी I विजयपुरा

कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि वह (मोदी) डरे हुए हैं। वह आंसू भी बहा सकते हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को मंगलसूत्र, संपत्ति पुनर्वितरण और विरासत कर जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। राहुल गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आपने प्रधानमंत्री मोदी का भाषण सुना होगा। कांग्रेस नेता ने कहा, मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे। गांधी ने कहा कि भारत में गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई समेत चार महत्वपूर्ण मुद्दे हैं।

---

बैलट पेपर से चुनाव नहीं होंगे पर कैंडिडेट की शिकायत पर EVM जांच होगी

# सुप्रीम कोर्ट में EVM-VVPAT के 100% मिलान की मांग खारिज

एजेंसी I नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसले में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में दर्ज सभी मतों को वीवीपीएटी पर्चियों से मिलान करने की मांग वाली सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि 'किसी भी प्रणाली पर आंख बंद करके अविश्वास करना, चुनाव में अनुचित संदेह पैदा कर सकता है।

### पीठ ने दो फैसले दिए

जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने अलग-अलग लिखे सहमति वाले में दो फैसले दिए। पीठ ने ईवीएम में दर्ज 100 फीसदी मतों को वीवीपीएटी से मिलान करने की मांग के साथ साथ मतपत्र से चुनाव कराने की मांग वाली याचिका को भी खारिज कर दिया है।

शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा कि 'लोकतंत्र सभी संस्थानों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाने का प्रयास करने के लिए है। जस्टिस खन्ना ने दोनों फैसले के निष्कर्ष का हवाला देते हुए कहा कि 'हमने फिर से मतपत्र से मतदान कराने, ईवीएम में दर्ज 100 फीसदी मतों को वीवीपैट पर्चियों से मिलान करने और वीवीपैट पर्चियां मतदाताओं को देने और बाद में मतपेटी में डालने की सभी मांगों को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रोटोकॉल, तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की है और तथ्यों को समझा है, इसलिए सभी याचिकाओं को खारिज करते हैं।

#### दो निर्देश जारी



**पहला निर्देश:** *सिंबल लोडिंग परिणाम जारी होने के 45 दिन तक रखना होगा सुरक्षित*

*हालांकि, शीर्ष अदालत ने भारतीय निर्वाचन आयोग को ईवीएम में प्रतीक लोड करने के बाद 45 दिनों के लिए प्रतीकों को लोड करने के लिए उपयोग की जाने वाली इकाइयों यानी सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील करने और स्ट्रॉन्ग रूम में संरक्षित रखने का आदेश दिया है। पीठ ने कहा है कि 1 मई या उसके बाद वीवीपैट में सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने पर, एसएलयू को सील कर दिया जाएगा और कंटेनरों में सुरक्षित कर दिया जाएगा। उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि मुहर पर हस्ताक्षर करेंगे। एसएलयू वाले सीलबंद कंटेनरों को परिणामों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों की अवधि के लिए ईवीएम के साथ स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। उन्हें ईवीएम के मामले की तरह खोला जाएगा, जांचा जाएगा और निष्पादित किया जाएगा।*

**दूसरा निर्देश:** परिणाम जारी होने के बाद होगी ईवीएम की जांच

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को दूसरा निर्देश यह दिया है कि 'प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र या संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र में 5 फीसदी ईवीएम में जले हुए मेमोरी सेमी-कंट्रोलर, यानी कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपीएटी की जांच और सत्यापन निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम द्वारा किया जाएगा। यह परिणामों की घोषणा के बाद दूसरे या तीसरे स्थान पर आए उम्मीदवारों द्वारा ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंका या परिणाम पर लिखित आपत्ति जताए जाने के बाद होगा। दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों को चुनाव पर परिणाम पर किसी तरह के आपत्ति होने के बाद ईवीएम बनाने वाली कंपनी के इंजीनियरों को मशीनों के माइक्रोकंट्रोलर को सत्यापित करने की भी अनुमति देने का आदेश दिया है। पीठ ने कहा कि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवार चुनाव परिणाम जारी होने के 7 दिन के भीतर ईवीएम के माइक्रो कंट्रोलर के सत्यापन के लिए अनुरोध कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें सत्यापन का खर्च वहन करना होगा।

---

# CRPF के DIG रैंक के अफसर पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप



- खजान सिंह के खिलाफ बर्खास्तगी का नोटिस जारी
- मंत्रालय ने UPSC की सिफारिश स्वीकार करने के बाद उठाया कदम

#### कौन हैं खजान सिंह?

बता दें कि अधिकारी पर कम से कम ऐसे दो आरोप लगे हैं। हालांकि, वह पहले ही इन आरोपों को नकार चुके हैं। खजान सिंह सीआरपीएफ के चीफ स्पोर्ट्स अफसर रह चुके हैं। वह 1986 में सियोल एशियाई खेलों के दौरान 200 मीटर की बटरफ्लाई तैराकी में रजत पदक जीत चुके हैं। यह तैराकी में 1951 के बाद से भारत का पहला पदक था।

एजेंसी I नई दिल्ली

केंद्र सरकार सीआरपीएफ में डीआईजी रैंक के एक पूर्व चीफ स्पोर्ट्स अफसर पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के संदर्भ उनकी बर्खास्तगी की प्रक्रिया शुरू कर रही है। उन पर इस अर्धसैनिक बल में कार्यरत कुछ महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न का आरोप है।

### बर्खास्तगी का नोटिस जारी

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने डीआईजी खजान सिंह के खिलाफ बर्खास्तगी का एक नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने यह कदम यूपीएससी की सिफारिश स्वीकार करने के बाद उठाया है। इस संबंध में अंतिम आदेश आरोपित अधिकारी का 15 दिनों में जवाब मिलने के बाद जारी किया जाएगा। फिलहाल मुंबई में तैनात खजान सिंह के खिलाफ बर्खास्तगी का नोटिस हाल ही में उनके खिलाफ सीआरपीएफ की जांच पूरी होने के बाद ही जारी किया गया था। सीआरपीएफ ने उन्हें यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाया है।

---

# जापान अंतरिक्ष में भेजेगा उन्नत उपग्रह एएलओएस-4



एजेंसी I टोक्यो

जापान की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को अपने उपग्रह इमेजिंग सिस्टम में एक बड़ा अपग्रेड शुरू करने की घोषणा की, जो कि एक नए प्रमुख रॉकेट को तीसरी बार परीक्षण के लिए रखा गया है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का कहना है कि 30 जून की दोपहर को दक्षिण-पश्चिमी जापानी द्वीप पर तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से एच3 रॉकेट लॉन्च किया जाएगा। यह रॉकेट एक उन्नत भूमि अवलोकन उपग्रह, एएलओएस-4 ले जाएगा, जो मुख्य रूप से पृथ्वी अवलोकन और आपदा प्रतिक्रिया और मानचित्र निर्माण के लिए डेटा संग्रह के साथ-साथ इन्फ्रारेड सेंसर के साथ मिसाइल प्रक्षेपण जैसी सैन्य गतिविधि की निगरानी करेगा। मार्च 2023 में असफल शुरुआत और 17 फरवरी को सफल प्रक्षेपण के बाद यह एच3 रॉकेट का तीसरा प्रक्षेपण होगा। पहले प्रयास के दौरान, रॉकेट का दूसरे चरण का इंजन प्रज्वलित नहीं हुआ और रॉकेट को उसके मुख्य पेलोड के साथ नष्ट करना पड़ा।

---

# सिसोदिया और नायर की न्यायिक हिरासत बढ़ी



कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन का है मामला

**नई दिल्ली।** कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सह-आरोपी विजय नायर सहित अन्य की न्यायिक हिरासत 8 मई तक बढ़ा दी। आरोपियों को उनकी न्यायिक हिरासत की समाप्ति पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पेशल जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया था। स्पेशल जज ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आरोपपत्र से संबंधित दस्तावेजों को डिजिटल बनाने में कितना समय लगने की संभावना है, इसपर एक रिपोर्ट देने को कहा है। कार्यवाही के दौरान, ईडी के विशेष लोक अभियोजक नवीन कुमार मट्टा और साइमन बेंजामिन ने आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्ति कार्यवाही में देरी कर रहे थे । इस पर अदालत ने बचाव पक्ष से दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

---

# सभी सरकारी विभागों के संपत्ति कर में 1 % ब्याज दर

एजेंसी I नई दिल्ली

दिल्ली में सभी सरकारी विभागों के संपत्ति कर में अब 1 परसेंट के अनुसार ब्याज दर लागू होगी। यह ब्याज दर इसी वित्तीय वर्ष 2024-25 से लागू होगी। 30 जून तक सभी सरकारी विभागों की तरफ से संपत्ति कर का भुगतान न करने वाले सरकारी विभागों को हर माह के हिसाब से 1 फीसदी ब्याज देना होगा। यह 1 फीसदी ब्याज दर सरकारी विभागों के संपत्ति कर में लगने वाले 75 फीसदी सेवा शुल्क (सर्विस चार्ज) पर लगेगी।

पहले सरकारी विभागों पर 1 फीसदी ब्याज दर नहीं लगती थी। लेकिन नए वित्तीय वर्ष 2024-25 में संपत्ति कर की अनुसूची में दिल्ली नगर निगम ने इसे लागू कर दिया है। इस संबंध में निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकारी विभागों को नए परिपत्र के जरिए इस दायरे में लाया गया है। जिससे संपत्ति कर को तय समय पर जमा न करने पर उन पर हर माह 1 फीसदी ब्याज दर लगेगी। यह ब्याज दर 1 अप्रैल 2024 से लागू होगी। यदि किसी सरकारी विभाग ने 30 जून तक अपने संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है। तब ऐसी परिस्थिति में उसे अप्रैल से लेकर जून और उसके बाद से हर माह के हिसाब से 1 फीसदी ब्याज दर संपत्ति कर के तहत देना होगा। अप्रैल से जुलाई तक यह ब्याज 4 फीसदी लगेगा। यदि संपत्ति कर 30 जून तक नहीं जमा कराया है।



#### इसलिए लिया गया है यह फैसला

अधिकारी ने बताया कि पहले सरकारी विभागों में संपत्ति कर को 30 जून तक जमा नहीं कराया जाता था। तब उन पर यह ब्याज दर नहीं लगती थी। हालांकि, यह ब्याज दर निजी आवासीय और व्यावसायिक संपत्ति कर में लागू होती थी। निगम ने राजस्व को बढ़ाने के लक्ष्य के तहत सरकारी विभागों में ब्याज दर को लागू किया है। इसमें केंद्र सरकार के सभी सरकारी विभाग, राज्य सरकार के विभाग, सार्वजनिक क्षेत्र की सरकारी कंपनियां, वैधानिक निकाय संपत्तियां पर यह ब्याज दर लागू होगी। इसमें सरकारी विभागों के आवासीय (स्टाफ क्वार्टर) व व्यावसायिक संपत्तियां भी शामिल हैं।

#### निजी आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों में नहीं बढ़ा संपत्ति कर

निगम के संपत्ति कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली की सभी निजी आवासीय व व्यावसायिक संपत्तियों में संपत्ति कर की दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। पिछले वित्तीय वर्ष में जितनी संपत्ति कर की दरें थी, इस नए वित्तीय वर्ष 2024-25 के संपत्ति कर की जारी की गई अनुसूची में भी वही दरें शामिल की गई हैं। इसके तहत आवासीय संपत्ति में ए से बी श्रेणी की कॉलोनियों व इमारतों के समूह में 12 फीसदी तक की वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर संपत्ति कर लगेगा।

---

दोपहर एंकर | बार्सिलोना सुपरकंप्यूटिंग सेंटर में ग्लोबल हेल्थ रेजिलिएंस ग्रुप लीडर प्रोफेसर रचेल लोव का दावा

# जलवायु संकट से फैल रहीं मच्छर जनित बीमारियां

- अगले कुछ दशकों में अप्रभावित क्षेत्र में पहुंचेंगी डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियां



एजेंसी I नई दिल्ली

जलवायु परिवर्तन के कारण मच्छर जनित बीमारियां दुनिया भर में फैल रही हैं। विशेष रूप से यूरोप में इन बीमारियों का प्रकोप ज्यादा है। अगले कुछ दशकों में मच्छर जनित बीमारी का प्रकोप उत्तरी यूरोप, एशिया, उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के अप्रभावित हिस्सों में फैलने वाला है। यह दावा स्पेन में बार्सिलोना सुपरकंप्यूटिंग सेंटर में ग्लोबल हेल्थ रेजिलिएंस ग्रुप लीडर प्रोफेसर रचेल लोव ने किया है। आईसीआरईए की रिसर्च प्रोफेसर रचेल ने कहा ये कीड़े मलेरिया और डेंगू बुखार जैसी बीमारियां फैलाते हैं। इनका प्रचलन पिछले 80 वर्षों में काफी बढ़ गया है। क्योंकि वैश्विक ताप ने उन्हें अधिक गर्म, अधिक आर्द्र परिस्थितियां प्रदान की हैं जिनमें वे पनपते हैं। वह बार्सिलोना में यूरोपियन सोसाइटी ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी एंड इंफेक्शियस डिजीज की वैश्विक कांग्रेस में प्रतिभाग करेंगी।

**भारत में डेंगू की स्थिति**

| वर्ष | कुल मामले | मौत |
|---|---|---|
| 2018 | 101192 | 172 |
| 2019 | 157315 | 166 |
| 2020 | 044585 | 056 |
| 2021 | 193245 | 346 |
| 2022 | 233251 | 303 |
| 2023 | 094198 | 091 |

#### यूरोप के 13 देशों में पहुंचा टाइगर मच्छर

डेंगू मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता था, क्योंकि रात का तापमान कम होने से कीट के लार्वा और अंडे मर जाते हैं। लंबे गर्म मौसम और कम ठंड का मतलब है कि यह दुनिया में सबसे तेजी से फैलने वाली मच्छर जनित वायरल बीमारी बन गई है और यह यूरोप में अपनी पकड़ बना रही है। एशियाई टाइगर मच्छर (एडीस अल्बोपिक्टस), डेंगू बुखार फैलाता है और 2023 तक 13 यूरोपीय देशों में स्थापित हो गया है। इन देशों में इटली, फ्रांस, स्पेन, माल्टा, मोनाको, सैन मैरिनो, जिब्राल्टर, लिकटेंस्टीन, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, ऑस्ट्रिया, ग्रीस और पुर्तगाल शामिल हैं।

#### *पनप रहा है कीट*

*बीमारी के संचरण के लिए 10 सबसे अनुकूल वर्षों में से नौ 2000 के बाद से हुए हैं। डब्ल्यूएचओ को रिपोर्ट किए गए डेंगू के मामलों की संख्या पिछले दो दशकों में आठ गुना बढ़ गई है। वर्ष 2000 में यह 5 लाख थी जो वर्ष 2019 में 5 मिलियन से अधिक हो गई है। प्रो. लोव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन इस प्रसार को तेजी से बढ़ाएगा क्योंकि सूखे के बाद बाढ़ आएगी। जलवायु परिवर्तन से जुड़े सूखे और बाढ़ से वायरस का अधिक संचरण हो सकता है, संग्रहित पानी अतिरिक्त मच्छर प्रजनन स्थल प्रदान करता है।*

---

## न्यूज ब्रीफ

### देशभर के आयुर्वेद डॉक्टरों का तैयार होगा पंजीकरण डाटा

**नई दिल्ली।** देशभर के आयुर्वेद के डॉक्टरों का डाटा तैयार किया जाएगा। इसके तहत शुक्रवार को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में पंजीकरण करने के लिए सभी चिकित्सकों एवं स्नातकोत्तर अध्येताओं को प्रशिक्षण दिया गया। दिल्ली सरकार के नजफगढ़ स्थित चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग की ओर से इसका आयोजन किया गया। संस्थान के निदेशक-प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. एमबी गौड़ ने कहा कि पंजीकरण होने पर पूरे देश में आयुर्वेद चिकित्सकों का एक डिजिटल डाटा तैयार हो जाएगा। इसके बाद ऑनलाइन जाकर कोई भी मरीज चिकित्सक की प्रोफाइल देखकर उनसे संपर्क कर सकेगा। बोर्ड ऑफ एथिक्स एंड रजिस्ट्रेशन समिति के सदस्य प्रोफसर डॉ. नारायण जाधव ने सभी को मिशन में रजिस्ट्रेशन करने का तरीका एवं उस से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया।

### डेढ़ करोड़ की ड्रग्स के साथ दंपति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तिलक नगर और ख्याला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने 24 अप्रैल को ड्रग्स तस्करी के मामले में करोड़पति दंपति को गिरफ्तार किया है। आरोपियों राजेश राणा उर्फ बंटी और नीलम राणा के पास से डेढ़ करोड़ रुपए की ड्रग्स के साथ 20 लाख रुपए से ज्यादा नकद बरामद हुए। दोनों लंबे समय से ड्रग्स तस्करी कर रहे थे और अब तक 31 से ज्यादा मामले में उनकी संलिप्तता सामने आ चुकी है। पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि एसएचओ विनीत पांडे और विनोद अहलावत की टीम को सूचना मिली थी कि एक दंपति ड्रग्स लेकर ख्याला आने वाले हैं। पुलिस की संयुक्त टीम ने दोनों को रास्ते में ही गिरफ्तार कर लिया।

### PM मोदी ने फिर मंगलसूत्र-विरासत टैक्स की बात की



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एक बार फिर मंगलसूत्र और विरासत टैक्स पर बयान दिया। PM ने कहा कि I.N.D.I. गठबंधन महिलाओं, आदिवासियों और गरीबों के खिलाफ खतरनाक कानून लाना चाहता है। कांग्रेसियों ने महिलाओं का मंगलसूत्र, आदिवासियों के गहने, हर किसी की प्रॉपर्टी जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए कांग्रेस के शहजादे विदेश से एक्स-रे मशीन लाए हैं। वे पूरे देश में एक्स-रे करेंगे। कांग्रेस का इरादा सभी का पैसा, सोना-चांदी, जमीन कब्जा करने का है। उसका एक हिस्सा ये लोग अपने वोट बैंक को दे देंगे। ये कांग्रेस ने घोषणा की है, लेकिन TMC वाले उसके खिलाफ नहीं बोलते।

### कद्दू में छिपाकर रखा गया 3.5 करोड़ रुपए का ड्रग्स जब्त

**इम्फाल।** असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को कद्दू के अंदर छिपाकर रखी गई 3.5 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त की, जिसके पड़ोसी देश म्यांमार से तस्करी कर लाए जाने का संदेह है। पुलिस ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने जिरीबाम में फिरजावल जिले के टिपाईमुख से दक्षिणी असम के कछार की ओर जा रहे एक पिकअप ट्रक को रोका और दो ड्रग तस्करों - अब्दुल मन्नान मजूमदार और खलील उल्ला बारभुइया को गिरफ्तार किया।